




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 269 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 01 जुलाई 2025 डाक 02 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नई दिल्ली स्थित न्यू झारखंड हाउस में हूल दिवस के अवसर पर सिद्धो-कान्हो को श्रद्धांजलि अर्पित की



**देश-विदेश**

पाताल में भी लक्ष्य को भेदेगा अग्नि-5 मिसाइल पर लगा वारहेड,सटीक हमलों के मामले में अमेरिका का बी-2 बॉम्बर भी रह जाएगा पीछे



**फीचर पेज**

इन 5 फलों को फ्रिज में न रखें, स्वाद और पोषण हो सकता है प्रभावित




# तीन की मौत, 30 लोग लापता... हिमाचल के मंडी में बादल फटने से तबाही, कई घरों को नुकसान

**मंडी, 01 जुलाई [एजेंसी]।**





हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में मंगलवार तड़के बादल फटने की घटनाओं ने भारी तबाही मचाई। करसोग, सराज और धर्मपुर उपमंडलों में आसमानी कहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। करसोग में जहां तीन की मौत हो गई, वहीं कई घर, गौशालाएं और वाहन मलबे में दबकर तबाह हो गए। इतना ही नहीं, 30 से अधिक लोग लापता हैं। भारी बारिश व भूस्खलन से कीतरपुर-मनाली फोरलेन पूरी तरह बंद हो गई है, जिससे यातायात पर असर पड़ा है। इससे सैकड़ों लोग सुरंगों व मार्ग पर जगह-जगह फंसे हुए हैं। प्रशासन की ओर से उन्हें पानी उपलब्ध करवाया गया है। प्रशासन ने एहतियातन मंडी जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में एक दिन की छुट्टी घोषित कर दी है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जिससे प्रशासन सतर्क हो गया है। आधी रात को भारी बारिश के बीच रघुनाथ का पद्धर में कुष्ठ रोगियों के आश्रम में पानी भर गया, जिससे वहां रह रहे लोगों की जान पर बन आई। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। यहां 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। लारजी और पंडोह डैम के गेट खोलने पड़े हैं, क्योंकि ब्यास नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। खतरे की आशंका को देखते हुए लारजी और डैहर जलविद्युत परियोजनाओं का बिजली उत्पादन बंद कर दिया गया है। इसके अलावा कोल डैम से भी 800 मेगावाट क्षमता वाले टरबाइन से अतिरिक्त पानी छोड़ा गया है ताकि डैम का संतुलन बना रहे। ब्यास नदी में पानी की आवक 1.68 लाख क्यूसेक तक पहुंच गई है। यानी हालात 2023 जैसे बनते दिख रहे हैं। धर्मपुर के लौंगनी में बादल फटने से 10 से अधिक घर व गौशाला पूरी तरह बह गए, जबकि पांच मवेशियों के मरने की सूचना है। खेतों में लगी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। क्षेत्र में बिजली और संचार सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

कई ग्रामीणों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।मंडी शहर में भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। थनेहड़ा के पास एक नाले के अवरुद्ध हो जाने से पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया। आधी रात को प्रशासन को अलर्ट मोड पर आना पड़ा और नगर निगम के साथ मिलकर घरों से पानी बाहर निकाला गया। प्रशासन की ओर से लोगों को निचले इलाकों से हटने की अपील की गई है। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि राहत और बचाव कार्यों के लिए विशेष टीमें तैनात कर दी गई हैं। प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं, कुल्लू जिले के स्याज में 9 लोगों के बहने की सूचना है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी मंडी के हालात पर चिंता जताई है और त्वरित राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## ईमेल लीक कर देंगे, ईरानी हैकर्स ने बढ़ाई ट्रंप की मुश्किल, खुलेआम दे डाली धमकी



**वाशिंगटन, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक बार फिर ईरान से धमकी मिली है। हालांकि इस बार धमकी ईरान के हैकर्स की तरफ से आई है। हैकर्स ने डोनाल्ड ट्रंप के कई पुराने ईमेल लीक करने की धमकी दी है। 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले इन हैकर्स ने ट्रंप के कई करीबियों के ईमेल हैक कर लिए थे और इसका कुछ हिस्सा मीडिया में लीक कर दिया गया था।

वहीं, अब हैकर्स ने बचे हुए ईमेल भी लीक करने की चेतावनी दे डाली है। ऑनलाइन चैट के दौरान ईरानी हैकर्स ने बताया कि उनके पास लगभग 100 गीगाबाइट के ईमेल मौजूद हैं। यह सभी ईमेल व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ सूजी विल्स, ट्रंप के वकील लिंडसे हॉलिगन, ट्रंप के सलाहकार रोजर स्टोर और पोर्न स्टार रहीं ट्रंप की विरोधी स्टॉर्मी डेनियल्स के अकाउंट से जुड़े हैं। हैकर्स ने यह सभी ईमेल बेचने की संभावना व्यक्त की है। हालांकि उनका पूरा प्लान क्या है। इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। वहीं, हैकर्स के पास मौजूद ईमेल में क्या-क्या है। इसका ब्यौरा भी अभी गुप्त रखा गया है।

## राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने डॉक्टरों को दी शुभकामनाएं, बताया मानवता का स्तंभ



**नईदिल्ली।** हर साल देशभर में 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने देश के डॉक्टरों को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को नमन किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, डॉक्टर दिवस पर सभी मेहनती डॉक्टरों को शुभकामनाएं। हमारे डॉक्टरों ने अपने कौशल और परिश्रम से एक अलग पहचान बनाई है। उनकी करुणा की भावना भी उतनी ही सराहनीय है।

वे वास्तव में स्वास्थ्य के रक्षक और मानवता के स्तंभ हैं। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में उनका योगदान अत्यंत उल्लेखनीय है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी इस अवसर पर डॉक्टरों को सलाम करते हुए लिखा, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। डॉक्टर मानवता की वह शक्ति हैं, जो अपने समर्पण के माध्यम से जीवन को बचाते हैं और हमारे स्वास्थ्य की सुरक्षा करते हैं। उनकी निःस्वार्थ सेवा को सलाम। संसदीय कार्य मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर लिखा, वे सफेद कोट पहनते हैं, टोपी नहीं, लेकिन कई लोगों के लिए, वे उम्मीद और उपचार का कारण हैं। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर, हमारे डॉक्टरों के प्रति हार्दिक आभार, जो देखभाल से ज़्यादा हिम्मत देते हैं।

## डीके शिवकुमार के साथ 100 विधायक, कांग्रेस विधायक के दावे ने बढ़ाई अलाकमान की मुश्किलें, कर्नाटक पहुंचे सुरजेवाला



**नईदिल्ली।** कर्नाटक की सियासत में हंगामा मचा हुआ है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेंगलुरु दौरे से पहले उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के करीबी एक विधायक ने बड़ा दावा ठोक दिया है। उन्होंने कहा कि करीब 100 विधायक चाहते हैं कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर अब बदलाव हो। उनका इशारा साफ है कि मौजूदा मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को हटाकर डीके शिवकुमार को कमान सौंपी जाए।विधायक ने चेतावनी दी कि अगर अब बदलाव न हुआ, तो 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सत्ता खतरे में पड़ सकती है। कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने खुलकर डीके शिवकुमार का समर्थन किया है।उन्होंने कहा, ये सिर्फ मेरी बात नहीं, 100 से ज्यादा विधायक बदलाव चाहते हैं। कई विधायक इस पल का इंतजार कर रहे हैं। वे अच्छे शासन की उम्मीद रखते हैं और मानते हैं कि डीके शिवकुमार को मौका मिलना चाहिए। उन्होंने पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत की है और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी की ताकत बढ़ाई है। उनके काम की वजह से लोग उनके साथ खड़े हैं। इकबाल हुसैन ने एनडीटीवी से बातचीत में कहा है कि वे सुरजेवाला से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री बदलने का मुद्दा जरूर उठाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, अगर अब बदलाव नहीं हुआ, तो 2028 में कांग्रेस सत्ता में नहीं रह पाएगी। पार्टी के हित में ये बदलाव अभी जरूरी है। इससे पहले ऐसे कयासों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि मुख्यमंत्री का फैसला सिर्फ हाईकमान ले सकता है।

इसपर इकबाल हुसैन ने कहा, कांग्रेस में अनुशासन है, हम हाईकमान का सम्मान करते हैं, लेकिन हमें सच बोलना चाहिए। वहीं कर्नाटक के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला कर्नाटक पहुंचे हुए हैं। हालांकि उन्होंने अपने दौरे को संगठनात्मक बताया है। उन्होंने नेतृत्व परिवर्तन की खबरों को कोरी कल्पना बताया है। उनका मंगलवार को लगातार दूसरे दिन राज्य के सत्तारूढ़ दल के विधायकों के साथ बैठकों का सिलसिला जारी रखा। पार्टी सूत्रों ने बताया कि विधायकों के साथ तीन दिनों तक चलने वाली अपनी आमने-सामने की बैठकों के पहले चरण के तहत, सुरजेवाला आज बेंगलुरु शहर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु दक्षिण, चामराजनगर, मैसूरु जिलों और दक्षिण कन्नड़ और कोलार के लगभग 20 विधायकों से मिलेंगे।






## तेलंगानाः फार्मा फैक्ट्री में धमाके के बाद लगी आग से अबतक 34 लोगों की मौत, मलबे में दबे मिले कई शव



**संगारेड्डी, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

तेलंगाना की कैमिकल फैक्ट्री में हुए धमाके के बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 34 हो गया है। संगारेड्डी के पसामैलाराम फेज 1 में स्थित सिगाची फार्मा प्लांट में बीते दिन भयानक धमाका हुआ था, जिसके बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस दौरान फैक्ट्री में मौजूद कई कर्मचारियों की मौत हो गई। एसपी पारीतोष पंकज के अनुसार, कई घंटों की मशक्कत के बाद जब आग पर काबू पाया गया और फैक्ट्री का मलबा हटाया जाने लगा, तो मलबे के नीचे कई लाशें दबी मिलीं। फैक्ट्री में काम करने वाले 31 कर्मचारी जिंदा जल गए, तो वहीं 3 लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने भी हादसे वाली जगह का दौरा किया। मंगलवार की सुबह स्वास्थ्य मंत्री सी दामोदर राजा नरसिम्हा ने इसकी जानकारी दी। इस घटना से पूरे राज्य में हड़कंप मच गया है। फैक्ट्री में लगी आग के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आए हैं, जिन्हें काले धुएं का गुबार देखकर आग की लपटों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

यह घटना सोमवार की सुबह देखने को मिली। सिगाची फार्मा प्लांट में कैमिकल रिएक्शन के कारण रिएक्टर में तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री में आग लग गई। इस घटना के दौरान कई कर्मचारी रिक्टर के पास मौजूद थे, वहीं कुछ कर्मचारी जान बचाकर बाहर निकले, मगर आग की लपटों से बुरी तरह जख्मी हो गए।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



### हिंदी को लेकर फडणवीस सरकार ने पहले ही मारा सिक्सर, भाषा विवाद पर रामदास आठवले का बयान



**रायपुर।** महाराष्ट्र में हिंदी विवाद पर केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंदी भाषा लागू होनी चाहिए, लेकिन इसकी पहली क्लास से जरूरत नहीं है। इस दौरान रामदास आठवले ने विपक्ष के आंदोलन से पहले सरकार की ओर से लिए गए फैसले पर भी जवाब दिया। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। रायपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने हिंदी विवाद पर कहा, राज्य में हिंदी को लेकर कुछ लोगों ने कहा कि 5वीं क्लास के बाद हिंदी को लागू किया जा सकता है, लेकिन उसके पहले राज्य में इसे तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य न किया जाए।

### पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाके के बाद लगी आग, चार लोगों की मौत और 5 घायल

**विरुधुनगर ।** तमिलनाडु में पटाखे की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और 5



लोग बुरी तरह से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह हादसा तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में हुआ। शिवकाशी के पास चिन्नाकामनपट्टी में पटाखों की फैक्ट्री थी, जिसमें अचानक आग लगने से जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज से आसपास के लोग भी बुरी तरह सहम गए हैं।

# सूरज बना सहारा, बिजली का बिल हुआ जीरो कृ पर्यावरण रक्षक बने शुभेंदु हीरो

## अब बिजली पर नहीं खर्च एक रुपया भी... बचत से रचा भविष्य सुनहरा

**कोरबा।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में संचालित प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में ऊर्जा क्रांति का प्रतीक बन चुकी है। यह योजना न केवल सभी को राहत पहुंचा रही है बल्कि बचत का माध्यम बन गई है।

इस योजना की सफलता की एक प्रेरणादायक मिसाल हैं कोरबा जिले के श्री शुभेंदु घोष, जो बालको के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं और वर्तमान में राजेंद्र प्रसाद नगर, कोरबा में रहते हैं। प्रकृति प्रेमी और ऊर्जा संरक्षण के प्रति सजग श्री घोष ने इस योजना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त की। पूरी प्रक्रिया को समझने के बाद उन्होंने न सिर्फ योजना में रुचि दिखाई, बल्कि तीन किलोवाट का रूफटॉप सोलर पैनल अपने घर पर लगवाकर इसे साकार भी कर दिखाया।इस पहल के लिए उन्हें केंद्र सरकार की ओर से ?78,000 की सब्सिडी भी प्राप्त हुई, जो योजना की लागत का एक बड़ा हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल लगने के बाद से उनके घर का बिजली बिल अब शून्य के करीब है। इतना ही नहीं, कभी-कभी तो यूनिट माइनस में चले जाते हैं। उनके द्वारा उत्पादित अतिरिक्त बिजली ग्रिड में ट्रांसफर होती है जिससे उन्हें आमदनी का एक नया स्रोत भी मिला है।श्री घोष ने बताया कि उन्हें प्रकृति से विशेष लगाव है। उनका मानना है कि सूर्य से मिलने



वाली ऊर्जा न केवल नि:शुल्क है, बल्कि यह एक स्थायी समाधान भी है। उनका यह भी मानना है कि ऊर्जा उत्पादन में लगने वाली प्राकृतिक संसाधनों की खपत और कठिन श्रम को समझते हुए, अब समय आ गया है कि हम सभी स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ें। सौर ऊर्जा इसका सबसे प्रभावशाली माध्यम है।उन्होंने आसपास के लोगों को भी इस योजना के प्रति जागरूक किया और कहा, जब प्रकृति हमें इतनी शक्ति देती है, तो हमें उसका उपयोग जिम्मेदारी से करना चाहिए। आज मैंने सौर ऊर्जा अपनाई है, कल आप भी अपनाइए, पर्यावरण और अगली पीढ़ी दोनों को बचाइए।

अब वह योजना के सिर्फ लाभार्थी नहीं, बल्कि एक प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। उनके परिचितों के कई अन्य परिवारों ने भी उनकी प्रेरणा से इस योजना के अंतर्गत आवेदन किया और सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उनके अनुभव ने अन्य परिवारों को आत्मनिर्भरता और पर्यावरण-संवेदनशीलता की राह दिखाई है।

श्री घोष ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा योजना ने न सिर्फ बिजली को शून्य किया है, बल्कि मुझे समाज और पर्यावरण के लिए कुछ करने का अवसर भी दिया।

यह एक क्रांतिकारी पहल है जो आने वाले समय में देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं रही, बल्कि यह हर उस नागरिक के लिए नई उम्मीद का सूरज बन चुकी है जो बचत, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण को अपनी प्राथमिकता मानता है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 7 वीं, 8 वीं, 9 वीं एवं 11 वीं में रिक्त सीटों में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु 07 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला (कटघोरा), लाफा (पाली), तथा रामपुर (पोंड़ीउपरोड़ा), में कक्षा 7 वीं, 8 वीं, 9 वीं एवं 11 वीं में बालक और बालिका के रिक्त सीटों में प्रवेश दिया जायेगा। इच्छुक विद्यार्थी आवेदन पत्र पूर्णतः भरकर सभी संलग्नकों सहित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय कोरबा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला, लाफा तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रामपुर में प्रात: 11.30 बजे से अपरांह 1.30 बजे तक जमा कर सकते है। 7 वीं, 8 वीं, 9 वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी तथा कक्षा 11 वीं में प्रवेश हेतु एनईएसटीएस की प्रवेश नियमावली के अनुसार कक्षा 10 वीं के प्राप्तांक के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश हेतु विद्यार्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी एवं छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित जनजातीय वर्ग, जनजातीय समुदाय का सदस्य होना चाहिए साथ ही विद्यार्थी को किसी अन्य विद्यालय से निष्कासित न किया गया हो। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, प्रवेशित सीटों का आरक्षण, पात्रता तथा प्रवेश नीति नियमावली जिले की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट कोरबा डाट जीओव्ही डाट इन एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय कोरबा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला, लाफा तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रामपुर के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 07 जुलाई 2025 है। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को प्रात: 11 बजे से दोपहर एक बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में आयोजित की जायेगी।

### वाहनों में हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने कैंप का आयोजन

**कोरबा ।** सड़कों पर बिना हाई सिक्युरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) दौड़ रहे वाहनों के लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी कोरबा ने बताया कि 30 जून से 02 जुलाई तक चोटिया में राजमन परिवहन सुविधा केन्द्र (मो.नं. 7879127874) डूमरकछार में लगाने शिविर लगाया जा रहा है।

## केन्द्रीय कोयला मंत्री दूबे ने कहा 2047 तक भारत को विकसित बनाने के उद्देश्य से सभी मिलकर कार्य करें



**कोरबा।** भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे आज कोरबा जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने एशिया की सबसे बड़ी कही जाने वाली कोयला खदान का व्यू पॉइंट से निरीक्षण किया और एसईसीएल के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा श्रमवीरों को संबोधित किया।

श्री दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि यह वही खदान है, जिसने देश को अंधेरे से उजाले की ओर अग्रसर किया। उन्होंने कहा, पहले बिजली देखने को लोग तरसते थे, आज काम करने वाली सरकार ने 22-23 घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की है। यह कोयला खदानें ऊर्जा के साथ-साथ विकास की किरण भी लेकर आई हैं। उन्होंने बताया कि एसईसीएल द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत गरीब बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विशेष कार्य किया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जितने पेड़ हमने काटे हैं, उससे अधिक पौधे लगाए जाएं।राज्य मंत्री श्री दुबे ने कहा कि कोल खदानों के साथ-साथ अब दुर्लभ खनिजों की खोज में भी सफलता मिलने पर भारत वैश्विक स्तर पर और मजबूती से उभरेगा। उन्होंने अधिकारियों और संविदा कर्मचारियों की संयुक्त भूमिका की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया अनुकूल वातावरण इस दिशा में सहयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में हम सभी को साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश में हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंच रही है।कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री दुबे ने खदान क्षेत्र की मेस में श्रमवीरों से भेंट कर उनके भोजन, भुगतान, चिकित्सीय सुविधाओं आदि की जानकारी ली और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने श्रमिकों के उत्साहवर्धन हेतु क्रिकेट एवं वॉलीबॉल खेलों में भी भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री प्रतीक गांधी, कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद, श्री गोपाल मोदी, एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारी, एवं बड़ी संख्या में श्रमवीर उपस्थित रहे।

## न्यायालय के आदेश पर युक्ति युक्तकरण के अंतर्गत प्रभावित शिक्षको के अभ्यावेदन का किया गया निराकरण

### आवेदन निराकृत होने के बाद 3 दिन के भीतर नई पदस्थापना जगह पर ज्वाइनिंग के निर्देश

**कोरबा ।** राज्य शासन के द्वारा युक्ति युक्तिकरण के दिये गए निर्देशों के तहत जिले के प्राथमिक शाला के 305, माध्यमिक शाला के 151, हाई स्कूल और हायर सेकंडरी के 74 व्याख्याताओं को अतिशेष पाए जाने पर निर्देशानुसार काउंसिलिंग की प्रक्रिया अपनाई गई। उक्त शिक्षको द्वारा काउंसिलिंग में शामिल होकर स्थल चयन करने के पश्चात काउंसिलिंग दिनांक को ही पदांकन आदेश जारी किया गया था। प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला के समस्त एवं जिले के भीतर पदांकित किए गए हाई स्कूल और हायर सेकंडरी के व्याख्याताओं को संबंधित ब्लॉक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी और प्राचार्यों के द्वारा कार्यमुक्त कर दिया गया। कुछ अतिशेष शिक्षको के द्वारा युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया से असंतुष्ट होकर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ में याचिका दायर की गई। उक्त याचिका के तहत माननीय न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के तहत कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला युक्ति युक्तकरण समिति द्वारा 105 प्रकरणों की सुनवाई की गई तथा 65 प्रकरणों का निराकरण कर आदेश जारी किया गया। जिला युक्ति युक्तकरण समिति के द्वारा अभ्यावेदन के निराकरण के पश्चात सभी शिक्षकों को आदेशित किया गया है कि अगले 3 कार्य दिवस के भीतर वे अपने नवीन पदांकित स्थान पर कार्यभार ग्रहण करें। कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## धरती आबा जनभागीदारी अभियान अंतर्गत श्यांग में जागरूकता सह लाभ-संतृप्ति शिविर आयोजित

**कोरबा ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कोरबा विकासखंड के क्लस्टर श्यांग में आज जागरूकता सह लाभ-संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर हाई स्कूल श्यांग परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें अमलडीहा, बलसेंधा, मालीकछार, चिर्रा, एलोंग, गुरमा, ठेगरीमार, लबेद, डूमरडीह, श्यांग, छिरहुंट, सरसाडेवा, सिमकेंदा एवं डेंगुरडीह सहित कुल 15 ग्रामों के ग्रामीण लाभान्वित हुए।



शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धावस्था,अन्य पेंशन आवेदनों, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए साथ ही नियमानुसार मौके पर हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।अभियान के अंतर्गत सरकार का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में जोड़ना, उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को भी योजनाओं का वास्तविक और समयबद्ध लाभ प्राप्त हो।शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। यह अभियान जनजातीय समाज में जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।इस अवसर पर जनपद सदस्य श्री बलेन्दर राठिया (क्षेत्र - चिर्रा), श्यांग, लबेद, सिमकेंदा, चिर्रा, गुरमा ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, सहायक विकास विस्तार अधिकारी श्री आशुतोष मिश्रा, संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एचटीपीपी में संकल्प महिला मंडल ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा के आवासीय कॉलोनी स्थित रविंद्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) में संकल्प महिला मंडल द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। यह सफाई मित्र एचटीपीएस के संयंत्र परिसर एवं आवासीय कॉलोनी को साफ-सुथरा व स्वच्छ रखने में योगदान देते हैं। इन सफाई मित्रों को संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव के हाथों उपहार व मिष्ठान वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला मंडल की



उपाध्यक्ष प्रियंका पाटले, अभिलाषा गुप्ता, मिनती स्वेन, मनीषा पांडे, कविता पंड्या और अनुराधा राव उपस्थित रहीं।इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव द्वारा ''स्वच्छता का हमारे जीवन में महत्व'' विषय पर अपने विचार रखें। श्रीमती श्रीवास्तव द्वारा अपने उद्बोधन में सफाई मित्रों के कार्यों की विशेष रूप से सराहना की गई। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सचिव संगीता कोरम ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहसचिव माधुरी जायसवाल, मंजूषा बरडिया, कोषाध्यक्ष हर्षिता श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव स्वाति जैन का विशेष योगदान रहा।

## महापौर संजू देवी राजपूत ने केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे से की भेंट-मुलाकात



**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम महापौर संजू देवी राजपूत ने कोरबा-पश्चिम क्षेत्र दीपका स्थित प्रगति हाउस में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान महापौर ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और कोरबा नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उक्त भेंट-मुलाकात में महापौर ने कोरबा की जर्जर हो चुकी सड़कों की स्थिति पर गहरी चिंता जताई और कहा कि कोरबा शहरी क्षेत्र, विशेषकर कुसमुंडा से सर्वमंगला मार्ग की हालत बेहद खराब है, जिससे आम जनता को आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सर्वमंगला के पास नवीन पुल निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने का भी आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि कोरबा की सड़कों की मरम्मत और पुल निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ संबंधित विभागों के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कोरबा देश की ऊर्जा राजधानी है, ऐसे में यहां की आधारभूत संरचनाओं का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है।

## बिना अनुमति या नियम विरूद्ध निर्माण तथा अतिक्रमण व अवैध कब्जे के प्रति आयुक्त का कड़ा रूख

कोरबा । निगम द्वारा दी गई भवन निर्माण की अनुमति व स्वीकृत नक्शे से हटकर या बिना अनुमति के भवन निर्माण कार्य किए जाने पर कार्यवाही करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत माहों में 16 निर्माणकर्ताओं पर 27 लाख रूपये का अर्थदण्ड (शमन शुल्क) लगाया गया है, साथ ही साढ़े 14 लाख रूपये के विलंब शुल्क की वसूली भी 08 निर्माणकर्ताओं से की गई है।

बिना अनुमति प्राप्त किए या प्राप्त की गई अनुमति से हटकर, स्वीकृत नक्शे से इतर निर्माण कार्य किए जाने पर कड़ा रूख अपनाते हुए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इस पर लगातार कार्यवाही किए जाने एवं निगम क्षेत्र में किए जा रहे अतिक्रमण व अवैध कब्जों को प्रारंभ में ही रोकने के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत किसी भी प्रकारा का निर्माण किए जाने पर नियमानुसार आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए निगम से निर्माण की अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। नगर निगम द्वारा भूमि विकास नियम 1984 एवं कोरबा विकास योजना (मास्टर प्लान) के अंतर्गत यह स्वीकृत प्रदान की जाती है। इसी प्रकार निगम द्वारा दी गई भवन निर्माण अनुज्ञा एवं स्वीकृत मानचित्र से हटकर नियम विरूद्ध निर्माण किए जाने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 308(क) के तहत अर्थदण्ड (शमन शुल्क) जमा कराकर नियमानुसार अतिरिक्त निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाती है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र में कतिपय निर्माणकर्ताओं द्वारा किए जा रहे भवन निर्माण अनुज्ञा से हटकर एवं स्वीकृत नक्शे से इतर निर्माण कार्य किए जाने को गंभीरता से लेते हुए वर्तमान में जारी भवन अनुज्ञा व किए गए निर्माण का सघन परीक्षण किए जाने व नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार त्वरित आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश भवन अधिकारी व संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। विगत माहों के दौरान इस दिशा में कार्यवाही करते हुए निगम द्वारा भवन अनुज्ञा उल्लंघन व स्वीकृत नक्शे से हटकर निर्माण करने वाले 16 निर्माणकर्ताओं पर 27 लाख रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है, इसी प्रकार विलंब शुल्क के रूप में 08 निर्माणकर्ताओं पर साढ़े 14 लाख रूपये की राशि आरोपित की गई है।

निर्माणकर्ता निर्माण स्थल पर अनिवार्य रूप से रखें, दस्तावेजआयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर निगम क्षेत्रांतर्गत भवन आदि का निर्माण करने वाले निर्माणकर्ताओं से कहा है कि वे निगम से विधिवत भवन अनुज्ञा व नक्शा स्वीकृत कराकर ही निर्माण का कार्य करें तथा वे अपने निर्माण स्थलों पर निगम द्वारा जारी भवन अनुज्ञा पत्र, स्वीकृत नक्शे की कापी, निगम को किए गए भुगतान की रसीद सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से रखें, निगम के अधिकारी समय-समय पर निर्माण का निरीक्षण करेंगे, उक्त जानकारी लेंगे, अत: अधिकारियों को आवश्यक दस्तावेज दिखाएं तथा निगम द्वारा इस दिशा में की जा रही किसी भी प्रकार की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें।

निगम के भवन अधिकारी अखिलेश शुक्ला ने बताया कि आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों का परिपालन करते हुए भवन अनुज्ञा से जुड़ी प्रक्रियाओं व कार्यो का सरलीकरण किया गया है, भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए अब घर बैठे ही आनलाईन रूप में दस्तावेज एवं शुल्क जमा कर व आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर आनलाईन अनुमति प्राप्त की जा सकती है, इसके लिए निगम कार्यालय का अनावश्यक चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, आमनागरिक इसका लाभ उठा सकते हैं।

अवैध प्लाटिंग कर क्रय-विक्रय करने पर होगी वैधानिक कार्यवाहीनगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से प्लाटिंग करके भूखण्डों का क्रय-विक्रय करने वालों को निगम ने अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि वे अवैध रूप से प्लाटिंग कर जमीन क्रय-विक्रय न करें अन्यथा नियमों के तहत उन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निगम ने कहा है कि नगर निगम व टाऊन एण्ड कंट्री प्लानिंग से नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर एवं स्वीकृत ले-आउट व नक्शे के आधार पर ही निर्माण कार्य करें तथा नियमों के तहत निगम द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें।

## स्वर्णकार समाज ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोरबा।** स्वर्णकार समाज कोरबा मंडल एवं संवेदना ब्लड एवं कंपोनेंट सेंटर के संयुक्त प्रयास से राजेन्द्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान में एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चला। इस पुनीत अवसर पर नगर निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुई।महापौर संजू देवी राजपूत ने रक्तदान को मानवता की सच्ची सेवा बताया और आयोजकों को इस सामाजिक सरोकार के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाते हैं और युवाओं में सेवा की भावना का संचार करते हैं। महापौर ने स्वयं भी भविष्य में ऐसे आयोजनों से जुड़ने की इच्छा जताई।शिविर में उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। प्रत्येक रक्तदाता को सम्मानपत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया, जिससे लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना प्रबल हुई।आयोजन समिति में प्रमुख रूप से योगदान देने वालों में शामिल रहे-अध्यक्ष- अयोध्या प्रसाद सोनी संरक्षक- बिजय कुमार सोनी,सचिव- उमेश कुमार सोनी,कोषाध्यक्ष- राजेन्द्र प्रसाद सोनी साथ ही स्वर्णकार समाज के



विभिन्न क्षेत्रीय प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा-राकेश सोनी (अध्यक्ष, बालको),शरद सोनी (संरक्षक, बालको),अमीत सोनी (युवा अध्यक्ष, बालको),गोविंद सोनी (युवा सचिव)कृष्णा सोनी (युवा मंच, बालको),डॉ. अशोक स्वर्णकार (अध्यक्ष, दर्री कम्पाउंड),ईश्वर सोनी, रघुबर सोनी (सचिव, दर्री)यह रक्तदान शिविर न केवल एक सफल आयोजन साबित हुआ, बल्कि कोरबा में समाज सेवा और मानवीय मूल्यों की मिसाल भी बना। लोगों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजन निरंतर करते रहने की मांग की।

## बिना लायसेंस के उपचार चिकित्सक को सुनाई सजा

**कोरबा।** बिना किसी वैध अनुमति व लायसेंस के घर पर मरीजों का उपचार करने व अवैधानिक रूप से दवाईयां रखकर मरीजों को देते आ रहे कोरबा जिले के एक कथित चिकित्सक को 3 वर्ष के कारावास और एक लाख रुपये का अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया है। अर्थदंड का भुगतान न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास उसे भुगतना होगा। इस प्रकरण में शासन की ओर से लोक अभियोजक राजेंद्र साहू ने पैरवी की।लोक अभियोजक राजेंद्र साहू ने बताया कि एक सूचना पर ग्राम नरईबोध वार्ड नंबर 62 खाल्हेपारा गेवराबस्ती, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा में औषधि निरीक्षक किरण सिंह के द्वारा टीम के सदस्यों के साथ 12 दिसम्बर 2019 को डॉ. पी.एल. यादव के मकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पी.एल.यादव मकान में अनुपस्थित था जबकि पत्नी श्रीमती सावित्री देवी यादव की उपस्थिति में टीम ने प्रथम तल पर स्थित कमरे से 93 प्रकार के एलोपैथिक औषधियों एवं दैनिक मरीज उपस्थिति रजिस्टर पृष्ठ 01 से 73 संग्रहित पाया।सावित्री से पूछे जाने पर एलोपैथिक औषधियों के भंडारण, क्रय/विक्रय हेतु कोई वैध औषधि अनुज्ञप्ति (लायसेंस)नहीं होना बताया तथा दवाई खरीद-बिक्री के संबंध में कोई बिल वाउचर उपलब्ध नहीं होना बताया। 93 प्रकार के एलोपैथिक औषधि एवं एक दैनिक मरीज उपस्थिति पंजी को गवाहों के समक्ष जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया। पी0एल0 यादव (पुन्नी लाल यादव) एवं श्रीमती सावित्री देवी यादव पर औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा-18 सी सहपठित धारा 27एवं धारा-28 के तहत् अपराध दर्ज किया गया। विचारण उपरांत पत्नी दोषमुक्त,पति दोषी,दवा भी निकली अमानक प्रस्तुत की गई मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य के विश्लेषण के पश्चात विशेष न्यायालय द्वारा आरोपिया सावित्री बाई यादव की कथित अपराध में संलिप्तता होना नहीं पाई गई जबकि आरोपी पी.एल. यादव द्वारा अपने स्वामित्व के मकान में एलोपैथिक दवाओं को बिना किसी वैध अनुज्ञप्ति के रखना,बिक्री करना पाया गया है। अत: अभियुक्ता सावित्री देवी यादव को धारा 18सी सहपठित धारा 27 बी औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अपराध से दोषमुक्त किया गया किंतु अभियुक्त पी.एल. यादव को धारा 18सी सहपठित धारा 27 बी 1940 के अपराध में दोषसिद्ध किया गया है।

## राखड़ बांध प्रभावित ग्रामीणों में भड़का आक्रोश-मांगा मुआवजा

### बांध टूटने से 15 से 20 एकड़ खेतों की बुआई प्रभावित होने लगाया आरोप

कोरबा । ग्राम डिंडोलभांठा में सीएसपीजीसीएल कोरबा-पश्चिम के राखड़ बांध फूटने की घटना के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। बांध टूटने से 15 से 20 एकड़ खेतों में राखड़ युक्त पानी भर गया है, जिससे बुआई की तैयारी कर रहे किसानों की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया है। घटना के बाद एसडीएम और तहसीलदार ने स्थल का निरीक्षण कर राखड़ से प्रभावित खेतों का सर्वे व मूल्यांकन का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों की नाराजगी और बढ़ गई है। ग्रामीणों की चेतावनी है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सीएसईबी प्रबंधन की होगी।<हृश्ठ्ठ> प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन और सीएसईबी प्रबंधन दोनों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजा व त्वरित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गांव के सरपंच, पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य और पूर्व उपसरपंच ने बताया कि बांध से पहले से ही राखड़ पानी का रिसाव हो रहा था, जिसकी जानकारी के बाद भी सीएसईबी प्रबंधन ने कोई सुधार नहीं किया। उचित पिचिंग और तटबंध की मरम्मत न होने के कारण भारी बारिश के दबाव में बांध का तटबंध का हिस्सा फूट गया। ग्राम डिंडोलभांठा के आश्रित ग्राम डोडकधरी के निवासियों को सुरक्षा की दृष्टि से ग्राम पंचायत भवन में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है,लेकिन अभी भी डर का माहौल है।

# राहवीर योजना का क्रियान्वयन करेगी जिले में पुलिस,बनाए मितान



**जांजगीर।** थाना जांजगीर क्षेत्र के खोखरा गांव में राहवीर योजना के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में हुआ। इसमें सड़क सुरक्षा मितान बनाए गए, जिन्हें मेडिकल किट और टोपी दी गई। गांव में महिला कमांडो भी बनाए गए, जिन्हें टोपी और सिटी दी गई।

अभियान का उद्देश्य सड़क हादसों में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाना है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप और यातायात एएसपी उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में यह अभियान चलाया जा रहा है। गत 29 जून को थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने खोखरा गांव में लोगों को राहवीर योजना की जानकारी दी। बताया गया कि यह एक स्वैच्छिक नागरिक सहायता योजना है। इसमें कोई भी व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाता है, उसे 25 हजार रुपए तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। ऐसे व्यक्ति से कोई कानूनी पूछताछ नहीं होती। गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल को 'गोल्डन ऑवर' यानी पहले एक घंटे में इलाज मिलने से जान बच सकती है। गंभीर हादसे में बड़ी सर्जरी, तीन दिन से ज्यादा अस्पताल में भर्ती, सिर या रीढ़ की हड्डी में चोट, या इलाज के दौरान मौत शामिल है। एक राहवीर अगर एक या अधिक पीड़ितों की जान बचाता है तो उसे पुरस्कार मिलता है। अगर एक से अधिक राहवीर एक पीड़ित की जान बचाते हैं तो 25 हजार रुपए की राशि बराबर बांटी जाती है। अगर एक से अधिक राहवीर कई पीड़ितों की जान बचाते हैं तो हर पीड़ित के लिए 25 हजार रुपए दिए जाते हैं। राशि के साथ प्रशंसा प्रमाण पत्र भी दिया जाता है। राहगीर को 1 लाख रुपए का इनाम, 10 पुरस्कार हैं सबसे योग्य राहवीर को राष्ट्रीय स्तर पर 10 पुरस्कार दिए जाएंगे। हर विजेता को 1 लाख रुपए मिलेंगे। चयन प्रक्रिया में सबसे पहले पुलिस को सूचना दी जाती है। डॉक्टर से विवरण की पुष्टि के बाद पुलिस सेमेरिटन को लेटरपैड पर पावती देती है। इसमें नाम, मोबाइल नंबर, पता, घटना का स्थान, तारीख, समय और मदद का विवरण होता है। 'हिट एंड रन' मामलों में मोटर दुर्घटना मुआवजा योजना 2022 के तहत गंभीर चोट पर 50 हजार रुपए और मौत पर 2 लाख रुपए का मुआवजा मिलता है। यह राशि 3 से 4 महीने में पीड़ित पक्ष को मिल जाती है।

## नशा मुक्ति अभियान चला रही महिला से बदसलूकी

**जांजगीर।** मुलमुला थाना क्षेत्र के चोरभठ्ठी गांव में नशा मुक्ति अभियान चला रहीं महिलाओं के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। रात करीब 8 बजे मीना बाई कश्यप और अन्य महिला कमांडो के साथ देवप्रसाद कश्यप, गंगा प्रसाद कश्यप और गजेन्द्र ने गाली-गलौच की। मीना बाई अन्य महिलाओं के साथ हर शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक नशा करने वालों को रोकने के लिए गांव में घूमती हैं। घटना के दिन वे हाई स्कूल के पास पहुंची थीं, तभी तीनों आरोपी वहां आए। उन्होंने महिला को गालियां दीं और मारने की धमकी दी। मीना ने यह बात गांव की सरपंच व महिला पंचों के सामने रखी। वहां भी देवप्रसाद ने दुबारा गाली दी। मीना ने थाना मुलमुला में लिखित शिकायत दी। उन्होंने देवप्रसाद कश्यप, गंगा प्रसाद और गजेन्द्र के खिलाफ केस दर्ज कराया।

## मोर गांव मोर पानी अभियानः सोखता गड्ढे जनभागीदारी से बनाए जा रहे

**जांजगीर-चांपा।** सभी जनपद पंचायतों में मोर गांव मोर पानी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है। यह केवल निर्माण कार्य नहीं है, बल्कि भूजल संवर्धन की दिशा में ठोस प्रयास है।

## प्रधानमंत्री के विचारों को सुना लोगों ने



**राहौद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का विशेष प्रसारण रविवार को नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल के निवास पर सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री का संदेश ध्यान से सुना।

इस बार प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण, युवाओं के नवाचार, महिला सशक्तिकरण और योग पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, छोटे बदलाव से बड़ा असर लाया जा सकता है। जल बचाएं, पेड़ लगाएं व स्वच्छता को जीवनशैली बनाएं। यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। कार्यक्रम के बाद लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को प्रेरणादायक बताया। कहा, यह समाज और देश के लिए योगदान देने की दिशा दिखाता है। एक नागरिक ने कहा, प्रधानमंत्री का हर शब्द एक सीख है। हमें गर्व है कि देश का नेतृत्व दूरदर्शी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल ने अपील की कि हर माह के अंतिम रविवार को सभी लोग अपने मोहल्ले, गांव, स्कूल या कार्यालय में 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुनें।

उन्होंने कहा, यह केवल सुनने का नहीं, बल्कि देशहित में संकल्प लेने का समय है। प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों को जोड़ना राष्ट्र निर्माण की भावना है। यह कार्यक्रम जनभागीदारी और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा, यह आयोजन केवल औपचारिकता नहीं था। यह एक विचारशील संवाद और सामूहिक जागरूकता की मिसाल बना।

कार्यक्रम ने दिखाया कि कैसे स्थानीय नेतृत्व व लोग मिलकर प्रधानमंत्री के संदेश को समाज में बदलाव का माध्यम बना सकते हैं। इस दौरान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, शक्ति केंद्र प्रभारी सुभाष पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक कश्यप, पार्षद योगेश देवांगन, अमित कुमार अनंत, पार्षद प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, विमल मनहर, श्रवण अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरेन्द्र योगी, बूथ क्रमांक 130 अध्यक्ष वीरेंद योगी, विष्णु देवांगन, गोकुल देवांगन और सूरज शंकर लदेर उपस्थित रहे।

## गोरदी गांव में कई मुद्दों को लेकर लोगों ने बैठक की राम मंदिर परिसर में, लिए निर्णय



**जरौद-सिनोधा।** ग्राम पंचायत गोरदी में रविवार को दोपहर राम मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सभी पदाधिकारीयों एवं ग्रामीणजन द्वारा संगठन विस्तार के लिए बैठक का आयोजन रखा गया। इस आयोजन का शुभारंभ राम भगवान की पूजा अर्चना के पश्चात आरम्भ किया गया। ग्राम के राजू साहू ने बताया की इस आयोजन में मुख्य रूप से क्रांति सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रकांत यदु,सनत यदु,देव प्रसाद वर्मा,सरपंच सरोज कुमार साहू,नितिन साहू, टिकेश्वर सहित बुर्जुग,पुरुष,महिलाए एवं बच्चे भारी संख्या में उपस्थित हुए।संगठन की विस्तार के फलस्वरूप ग्राम के 40 पुरुषों एवं 10 महिलाओं ने सदस्यता दिलाई गई।

## आधार सीडिंग के बिना रेलवे की तत्काल टिकिट नहीं मिलेगी

**जांजगीर।** जुलाई 2025 से कई अहम वित्तीय नियम बदलने जा रहे हैं। इनका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। इनमें यूपीआई चार्ज बैक, तत्काल ट्रेन टिकट बुकिंग और पैन कार्ड से जुड़े नियम शामिल हैं। आईआरसीटीसी की वेबसाइट या एप से तत्काल टिकट बुकिंग करने वालों को अब आधार ऑथेंटिकेशन कराना होगा। यह नियम जुलाई से लागू होगा। इसके अलावा, 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार नंबर से जुड़ा ओटीपी भी जरूरी होगा। सरकार का मकसद टिकट बुकिंग प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना है। साथ ही दलालों और फर्जी एजेंट्स की मनमानी पर रोक लगाना है। इन बदलावों से टिकट बुकिंग में गड़बड़ी की संभावना कम होगी। आम यात्रियों को सही समय पर टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी। यूपीआई चार्ज बैक और पैन कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होंगे। हालांकि इन नियमों की पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

ट्रेन निकलने से 8 घंटे पहले कन्फर्म होगा टिकट- अब ट्रेनों का रिजर्वेशन चार्ट ट्रेन निकलने से 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा। अभी तक यह चार्ट सिर्फ 4 घंटे पहले बनता था। इससे यात्रियों को टिकट कन्फर्म नहीं होने पर वैकल्पिक यात्रा या दूसरा टिकट बुक करने के लिए ज्यादा वक्त मिलेगा। 1 जुलाई से शुरू करने की योजना है। शुरुआत में इसे कुछ खास ट्रेनों पर लागू किया जाएगा। सरकार ने पैन कार्ड नियमों में बदलाव किया है। 1 जुलाई से पैन कार्ड के लिए आवेदन करने पर आधार कार्ड अनिवार्य होगा। आपके पास आधार नहीं है, तो पैन कार्ड नहीं बनवा सकेंगे। इसके पिछले तर्क है कि इससे टैक्स चोरी पर लगाम लगेगी। इनके पास पहले से पैन कार्ड है, उन्हें भी 31 दिसंबर तक अपने पैन को आधार से लिंक कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनका पैन 1 जनवरी 2026 से इनएक्टिव हो जाएगा। अब 10 साल से बड़े बच्चे खुद से सेविंग्स या टर्म डिपॉजिट अकाउंट खोल और ऑपरेट कर सकते हैं। आरबीआई ने बैंकों को इसकी अनुमति दे दी। हालांकि, बैंक इसके लिए अपनी रिस्क मैनेजमेंट पॉलिसी के अनुसार शर्तें तय कर सकते हैं। आरबीआई ने बैंकों से 1 जुलाई 2025 तक इन नए नियमों के मुताबिक अपनी पॉलिसी तैयार करने या फिर मौजूदा नियमों में बदलाव करने को कहा है। अब तक किसी भी उम्र के बच्चे अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक(गार्जियन) के जरिए सेविंग्स या टर्म डिपॉजिट अकाउंट खोल सकते थे, पर ऑपरेट अभिभावक ही करते थे।10 साल से बड़े बच्चे खुद ऑपरेट कर सकेंगे बैंक अकाउंट।

## जर्वे की खराब सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन



**जांजगीर।** फूटा गुस्सा . जर्वे की सड़क बनवाने एक साल में दूसरी बार विरोध-प्रदर्शन, अब दिसंबर तक रोड बनाने का आश्वासन

देशभर में जहां फोरलेन और सिक्स लेन सड़कों का जाल बिछ रहा है, वहीं जर्वे गांव के लोगों को अब भी कच्ची और जर्जर सड़क से गुजरना पड़ रहा है। सोमवार को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर साल भर बाद दूसरी बार जोरदार प्रदर्शन किया।

बारिश में भीगते हुए महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने सड़क की बदहाली पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सड़क पिछले 5 साल से खराब है, जिससे स्कूल, अस्पताल और जरूरी सेवाओं तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। नाराज ग्रामीणों ने विधायक ब्यास कश्यप की अगुवाई में जांजगीर-चांपा के बीच एनएच 49 पर ओवरब्रिज के पास करीब 6 घंटे तक रोड जाम रखा। ।कलेक्टर ने दिया आश्वासन- ग्रामीण पीडब्ल्यूडी से लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे। करीब 6 घंटे के विरोध के बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने फोन पर प्रदर्शनकारियों से बात की और दिसंबर तक सड़क बनवाने का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। गांव के लोगों के लिए जिला अस्पताल, आरटीओ ऑफिस, जिला पंचायत, कलेक्टोरेट, एसपी ऑफिस और जिला न्यायालय पहुंचने के लिए यही एकमात्र सड़क है। यह बाबा कलेश्वर नाथ मंदिर तक भी जाती है, जिससे सावन में श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। सड़क की हालत कई सालों से खराब है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।सड़क निर्माण दो बार बजट में शामिल, फिर भी काम नहीं आरटीओ कार्यालय से जर्वे और पीथमपुर तक की सड़क करीब 20 साल पहले बनी थी, जो अब मरम्मत लायक भी नहीं बची है। कांग्रेस सरकार के समय यह सड़क बजट में शामिल हुई थी, लेकिन राशि नहीं मिली। इस साल भी 9.30 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 9 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली, लेकिन प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने से काम शुरू नहीं हो पाया।

## दो महिला सहित पांच आरोपियों लूटपाट व चोरी की घटनाओं के कई आभूषण बरामद, काफी राशि खर्च करने का दावा

**जांजगीर-चांपा।** जिले के बलौदा थाना क्षेत्र में पुलिस ने लूटपाट के मामले में दो महिलाओं सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चांदी का ब्रेसलेट और सोने की बाली बरामद की गई है।

घटना 18 अगस्त 2024 को बलौदा के काठापाली गांव में हुई थी। आरोपियों ने भिलाई निवासी दीपक खुंटे का रास्ता रोका। उनकी जेब से दस हजार रुपए नकद, हाथ से चांदी का ब्रेसलेट और कान से सोने की बाली छीन ली। पीड़ित ने पीछा किया तो उसके साथ बेल्ट, स्टम्प और डंडे से मारपीट की गई।

**वारदात के बाद आरोपी दूसरे राज्य हुए फरार**

वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे। वे कमाने के लिए दूसरे राज्य चले गए थे। बलौदा थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव को जब आरोपियों के गांव लौटने की सूचना मिली, तब पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। उनसे करीब 8,000 रुपए कीमत के गहने बरामद किए गए। नकद राशि खर्च कर चुके थे।

गिरफ्तार आरोपियों में दिलीप कुर्रे (45), विक्रम कुर्रे (32), शैलेन्द्र कुर्रे (19), सरस्वती कुर्रे (25) और गंगोत्री कुर्रे (35) शामिल हैं। सभी काठापाली गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## बलौदा फाटक 3 जुलाई से तीन रात तक रहेगा बंद

**जांजगीर।** नैला-अकलतरा स्टेशनों के बीच स्थित बलौदा फाटक को रेलवे प्रशासन ने मरम्मत कार्य के लिए तीन रातों तक बंद करने का निर्णय लिया है। यह फाटक 3 जुलाई रात 10 बजे से 4 जुलाई सुबह 8 बजे तक, फिर 04 जुलाई रात 10 बजे से 05 जुलाई सुबह 6 बजे तक और 05 जुलाई रात 10 बजे से 06 जुलाई सुबह 8 बजे तक बंद रहेगा। यह कार्य दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत किया जाएगा। मरम्मत के दौरान सड़क यातायात के लिए पास में ही स्थित सबवे (रेल अंडरब्रिज) को वैकल्पिक मार्ग के रूप में खोला गया है। रेलवे प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील की है। साथ ही असुविधा के लिए खेद जताया है।

## शिकायत सुनने की फुर्सत नहीं विभाग के अधिकारियों को

**जांजगीर।** कार्यस्थलों पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान के लिए बने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न(निवारण, रोकथाम और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के पालन में बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिले के 29 उद्योगों ने अब तक इस कानून के तहत अनिवार्य आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया है। इससे महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

यह स्थिति तब है जब कानून के तहत 10 से अधिक कर्मचारी वाले हर कार्यस्थल पर ऐसी समिति का होना अनिवार्य है।इसके बावजूद जिले के प्रमुख उद्योगों में समिति का गठन नहीं किया गया है। अधिनियम की धारा 26(1) के अनुसार, यदि कोई नियोजक आंतरिक शिकायत समिति के गठन में विफल रहता है, तो उस पर ?50,000 तक का आर्थिक दंड लगाया जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संबंधित उद्योग तत्काल समिति का गठन करें और उसका आदेश पत्र महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में जमा करें। यदि आदेश का पालन नहीं किया गया, तो संबंधित उद्योगों पर आर्थिक दंड की कार्रवाई की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता अग्रवाल ने बताया कि अधिनियम की धारा 4(1) के अनुसार, हर ऐसे शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय और वाणिज्यिक कार्यस्थल, जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। यह समिति कार्यस्थल पर किसी महिला कर्मचारी के साथ हो रहे लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों की जांच और समाधान के लिए जिम्मेदार होती है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग, जांजगीर-चांपा द्वारा जिला व्यापार और उद्योग केंद्र के माध्यम से सभी उद्योगों को पहले ही पत्र भेजा जा चुका है।

इन उद्योगों में शिकायत समिति का गठन नहीं हुआ महामाया राइस मिल, मां कृपा राइस मिल, ओकार एग्रोटेक, एस.के. फ्लाई एस ब्रिक्स, चांपा ब्रिक्स, सावित्री देवी पलाई एस ब्रिक्स, जगमोहन टाईल्स, मानकी इंडस्ट्रीज, भवानी ब्रिक्स, अर्नव एग्रोटेक, बालाजी ब्रिक्स, शिवा बिक्स, बालाजी इंडस्ट्रीज, जय संतोषी फ्लाई एस ब्रिक्स, चैंपियन रेफाटेक प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णा इंडस्ट्रीज, मां अंबिका फ्लाई एस ब्रिक्स, पवनसूत एग्रो इंडस्ट्रीज, चैंपियन सेरॉमिक प्राइवेट लिमिटेड, ओम राइस मिल, राघव इंडस्ट्रीज, रसीक बिहारी फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, शिव शंकर राइस मिल, तिलक एजेंसी, आर.के.डी. फ्लोरिस राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड, महाराजा ट्रेडिंग कंपनी, चैंपियन मैग्नासाईट प्राइवेट लिमिटेड, गिरीराज पैड्डी प्रोसेसर, राधे इंडस्ट्रीज। कुल 29 उद्योगों में समिति का गठन नहीं किया गया है।


छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र.3, माचाडोली, जिला- कोरबा (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 18.07.2025 समय 17.30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 170982 | 02/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 27.06.2025 | हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत हसदेव बांगो बांध के बकाया बकेट एप्रॉक्सी ट्रीटमेंट कार्य। | रू.391.70 लाख | प्रथम आमंत्रण |
| 170985 | 03/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 27.06.2025 | मिनीमाता बांगो बांध माचाडोली के स्लीपवे ट्रीटमेंट का कार्य। (ब्लॉक नं. 19 से 30)। | रू. 953.59 | प्रथम आमंत्रण |
| 170986 | 04/व.ले.लि./ 2025-2026 दिनांक 27.06.2025 | मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना अंतर्गत हसदेव बांगो बांध माचाडोली के 3 नग बकेट (1 से 3) (ई.डी.ए.) ब्लॉक नंबर 19 से 26 ई.आर.एम. मद अंतर्गत Epoxy Treatment कार्य। | रू. 1241.41 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 04.07.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो बांध संभाग-3, माचाडोली
जिला- कोरबा (छ.ग.)
जी-252601875/9


## दिव्यांगता के नाम पर फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा, छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा एक्शन, सैकड़ों की नौकरी पर खतरा

### फर्जी प्रमाणपत्र से नौकरी करने वालों की अब खैर नहींः राज्य मेडिकल बोर्ड करेगा दिव्यांगता की दोबारा जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरियों पर काबिज लोगों की मुश्किलें अब बढ़ने वाली हैं। दिव्यांग संगठनों की लगातार मांग और न्यायिक निर्देश के बाद राज्य शासन ने बड़ा फैसला लिया है। अब ऐसे सभी संदेहास्पद मामलों की राज्य मेडिकल बोर्ड द्वारा भौतिक जांच करवाई जाएगी। यह कदम न सिर्फ असली दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा करेगा, बल्कि सरकारी तंत्र में वर्षों से जारी 'प्रमाणपत्र फर्जीवाड़े' की भी चीरफाड़ करेगा। राज्य शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, 2 जुलाई 2025 को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के बोर्ड रूम में विशेष बैठक बुलाई गई है। इसमें उन सभी कर्मचारियों की जांच की जाएगी जिन पर फर्जी प्रमाणपत्र के सहारे नौकरी करने का संदेह है।

जिन विभागों के कर्मचारियों पर संदेह है उनमें शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सामान्य प्रशासन, कृषि, विधि, पशुधन, जल संसाधन, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जैसे प्रमुख विभाग शामिल हैं। संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कर्मचारियों को निर्धारित तिथि पर राज्य मेडिकल बोर्ड के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें और उनके समस्त चिकित्सकीय दस्तावेज, विशेषज्ञ चिकित्सकों से प्रमाणित कराकर जांच समिति को सौंपें।

यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में लंबित याचिका W P(S) No. 3472/2023 (संजय कुमार मरकाम बनाम राज्य शासन) के निर्देश पर की जा रही है। अदालत के आदेश के बाद शासन की यह कार्यवाही पारदर्शिता और नैतिकता के मानकों पर खरी उतरती दिख रही है।



इस फैसले के दूरगामी प्रभाव-
फर्जी दस्तावेज धारकों की नौकरी खतरे में
असली दिव्यांगजनों को मिलेगा हक
भर्ती प्रक्रिया में बढ़ेगी पारदर्शिता
विभागीय स्तर पर भी जवाबदेही तय होगी

नि:शक्त जन अधिकार सहयोग समिति के प्रदेशाध्यक्ष 'राधा कृष्ण गोपाल' बोले- हम बरसों से इस फर्जीवाड़े के खिलाफ आवाज़ उठा रहे थे। यह फैसला हमारे संघर्ष की जीत है। अब असली दिव्यांगों को वह सम्मान और स्थान मिलेगा, जिसके वे हकदार हैं।

सर्वजन दिव्यांग संघ का स्वागत, जताई उम्मीद
सर्वजन दिव्यांग संघ के प्रमुख सलाहकार डोमन बया ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए खुशी जताई। उन्होंने कहा-
यदि यह कार्यवाही ईमानदारी से हुई तो छत्तीसगढ़ के दिव्यांगजनों को फर्जी प्रमाणपत्रधारियों के एक बड़े रैकेट से निजात मिलेगी। इससे वास्तविक दिव्यांगजन अपने हक और अधिकार को आसानी से पा सकेंगे। वर्षों से जो शोषण हुआ है, वह अब थमेगा। छत्तीसगढ़ सरकार का यह फैसला न केवल न्याय की दिशा में एक साहसिक कदम है, बल्कि सरकारी तंत्र में वर्षों से चल रही एक काली परत को हटाने का भी प्रयास है। अब देखना होगा कि मेडिकल बोर्ड की यह 'सत्य जांच' कितनों की पोल खोलती है और कितनों की नौकरी पर लगती है अंतिम मुहर।

## अनमोल वचन......

सहनशील होना अच्छी बात है..पर अन्याय का विरोध करना उससे भी उत्तम है..!!

# वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करना सही नहीं

*चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करना सही नहीं है। इससे मतदाताओं या समूहों की पहचान करना आसान हो जाएगा। मत देने या मत न देने वाला, दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव या धमकी का शिकार हो सकते हैं। यह मतदाताओं की सुरक्षा, गोपनीयता व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950-51 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा।*

*लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिए जवाब में आयोग ने यह कहा जिसमें चुनाव धांधली के आरोपों के बाद सीसीटीवी फुटेज की मांग की गई थी। इससे पहले गांधी ने सोशल माडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वोटर लिस्ट। मशीन रीडेबल फाम्रेट नहीं देंगे, सीसीटीवी फुटेज। कानून बदल कर छिपा दी। आगे उन्होंने लिखा-साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए जहर है। दरअसल, आयोग के अनुसार, चुनाव के दौरान ली गई तस्वीरें, वीडियो व बेवकास्टिंग सिर्फ पैंतालीस दिन तक सुरक्षित रखी जाएंगी। किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजों को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो पैंतालीस दिन बाद यह डाटा नष्ट कर दिया जाएगा। कांग्रेस इसका शुरू से ही दोहरा रही है कि यह डाटा साल भर तक सुरक्षित रखा जाता था। कांग्रेस इसे चुनाव आयोग व मोदी सरकार की मिली-भगत ठहराते हुए लोक तांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने की साजिश बता रही है। बेशक, आयोग के तर्क अपनी जगह उचित हैं मगर उसे सरकार के दबाव में आए बगैर अपनी स्वायत्तता का ख्याल रखना चाहिए।*

*विपक्षी दलों की दलीलें सुनना उसका जिम्मा है। आशंकाओं व चिंताओं को मिटाने के प्रति उसे जवाबदेह भी होना होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल विपक्षी राजनीतिक दल, बल्कि स्वयं मतदाता भी अपनी जिज्ञासाएं रखने को स्वतंत्र है। मतदाताओं की सुरक्षा व गोपनीयता निश्चित रूप से बेहद जरूरी हैं। मगर अपने उम्मीदवार के पक्ष-विपक्ष या धांधली के आरोपों की पुष्टि कराना भी दलों का जिम्मा है। अव्वल तो गांधी को बगैर सबूतों के इतने गंभीर आरोप लगाने से बचना चाहिए परंतु आयोग को भी उनकी आशंकाएं मिटाने का भरपूर प्रयास करना होगा। पैंतालीस दिन किसी भी आशंका या आरोप के लिए कम नहीं कहे जा सकते। आयोग को वरिष्ठ पदाधिकारियों को बुला कर अति सुरक्षित व गोपनीय व्यवस्था में विवादित फुटेज दिखाने का प्रावधान भी जोड़ना होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही अति आवश्यक है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करेंगे। आपके पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिये दिन ठीक रहेगा। आप किसी नए कोर्स के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। बड़े भाई-बहनों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम से राहत मिलेगी।

**वृष राशिः** घरवालों के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभाल लेंगे। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आप घर में किसी कार्यक्रम की तैयारी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई जानकार व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिये सलाह ले सकता है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर हो सकता है। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि ले सकते हैं। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है। उनके साथ आप कुछ अच्छी बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं। आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे।

**कर्क राशिः** आपको अपनी कार्यकुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज आप किसी ओपन मार्केट में शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। आपको अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर खर्चा करना चाहिए। करियर को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। नये कोर्स में एडमिशन के लिये आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**सिंह राशिः** आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। आपका दिन अच्छा बना रहेगा। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आपको पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए, इससे आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए।

**कन्या राशिः** अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में सफल जरूर होंगे। जो लोग शादीशुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा। फर्नीचर का काम करने वाले लोगों का फायदा होगा।

**तुला राशिः** आज के दिन आपको अपने काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। बिजनेस में किसी भी तरह के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। आपको बिना वजह नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप किसी से जरूरी मीटिंग के लिये जा रहे हैं, तो आपको अपने पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है। कोई आपकी पीठ पीछे बुराई कर सकता है। अच्छी सेहत के लिये आपको रुटीन एक्सरसाइज करनी चाहिए।

**वृश्चिक राशिः** आज आप अपने जीवनसाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर कर सकते हैं। जीवनसाथी से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह भी मिल सकती है। केटरिंग का काम कर रहे लोगों के लिये दिन अच्छा रहेगा। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं।

**धनु राशिः** आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा। आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे। आज आप बच्चों को कहीं घूमाने ले जा सकते हैं। परिवार में खुशहाली और तालमेल बना रहेगा। अगर आपकी संतान विवाह के लायक है, तो उनके लिये कोई अच्छा रिश्ता आ सकता है। सेहत के लिहाज से आप फिट रहेंगे।

**मकर राशिः** सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों को कुछ परेशानी महसूस हो सकती है। आज आपको ऑफिस में एक्सट्रा काम करना पड़ सकता है। आप बच्चों को उचित समय नहीं दे पायेंगे। आपको कमर दर्द की समस्या हो सकती है। स्टूडेंट्स के लिये दिन ठीक-ठाक रहेगा।

**कुंभ राशिः** जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई वाहन गिफ्ट कर सकते हैं। आपके दिन में ताजगी बनी रहेगी। आप कुछ अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। इससे समाज में आपका नाम होगा। आज सोसाइटी में किसी काम के लिये आपको अपॉइन्ट किया जा सकता है। माता आपसे किसी काम को लेकर सलाह ले सकती है। आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी। ि

**मीन राशिः** आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिल सकती है। आप लवमेट के साथ कहीं मूवी देखने जा सकते हैं। आप घर की सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी कर सकते हैं। आपको अपने घरवालों से पूरा सहयोग मिलेगा। एजुकेशन के मामले में दिन अच्छा रहेगा।

# भारत की आर्थिक प्रगति में अब तो ईश्वर भी सहयोग कर रहा है

**वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। कुछ दिनों पूर्व भारत में दो विशेष घटनाएं हुईं, परंतु देश के मीडिया में उनका पर्याप्त वर्णन होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। प्रथम, भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्र में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का पता लगा है, कहा जा रहा है कि कच्चे तेल का यह भंडार इतनी भारी मात्रा में है कि भारत, कच्चे तेल सम्बंधी, न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा बल्कि कच्चे तेल का निर्यात करने की स्थिति में भी आ जाएगा।**



यदि भारत को कच्चे तेल की उपलब्धि पर्याप्त मात्रा में हो जाती है तो इसका प्रसंस्करण कर, डीजल एवं पेट्रोल के रूप में, पूरी दुनिया की खपत को पूरा करने की क्षमता को भी भारत विकसित कर सकता है। भारत में विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी गुजरात के जामनगर में पूर्व में ही स्थापित है। अतः कच्चे तेल के साथ साथ डीजल एवं पेट्रोल का भी भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश बन सकता है। जैसा कि दावा किया जा रहा है, यदि यह दावा सच्चाई के धरातल पर खरा उतरता है तो आगे आने वाले समय में भारत का विश्व में पुनः सोने की चिड़िया बनना लगभग तय है। भारत आज पूरे विश्व में कच्चे तेल का चीन एवं अमेरिका के बाद सबसे बड़ा आयातक देश है और विदेशी व्यापार के अंतर्गत भी कच्चे तेल के आयात पर ही सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। कच्चे तेल का उत्पादन यदि भारत में ही होने लगता है तो न केवल इसके आयात पर होने वाले भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के खर्च को बचाया जा सकेगा बल्कि पेट्रोल एवं डीजल के निर्यात से विदेशी मुद्रा का भारी मात्रा में अर्जन भी किया जा सकेगा। जिसके कारण, भारत में विदेशी मुद्रा के भंडार में अतुलनीय बचत एवं संचय होता हुआ दिखाई देगा और इस प्रकार भारत विश्व में विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा संचयक देश बन सकता है।

वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। वर्तमान में भारत द्वारा कच्चे तेल एवं गैस के आयात पर 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि खर्च प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

भारत सरकार के पेट्रोलीयम मंत्री श्री हरदीपसिंह जी पुरी ने जानकारी प्रदान की है कि अंडमान एवं निकोबार के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस का बहुत बड़ा भंडार मिला है। एक अनुमान के अनुसार यह भंडार 12 अरब बैरल (2 लाख करोड़ लीटर) का हो सकता है जो हाल ही में गुयाना में मिले कच्चे तेल के भंडार जितना ही बड़ा है। गुयाना में 11.6 अरब बैरल कच्चे तेल एवं गैस के भंडार पाए गए है। इस भंडार के बाद गुयाना कच्चे तेल के उत्पादन के मामले में विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है जबकि अभी गुयाना का विश्व में 17वां स्थान है।

वर्ष 1947 में प्राप्त हुई राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के लगभग 70 वर्षों तक भारत की समुद्री सीमा की क्षमता का उपयोग करने का गम्भीर प्रयास किया ही नहीं गया था। हाल ही में भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में किए गए प्रयास सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के भारी मात्रा में जो भंडार मिले हैं उनका अन्वेषण का कार्य समाप्त हो चुका है एवं अब ड्रिलिंग का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। ड्रिलिंग का कार्य समाप्त होने के बाद कच्चे तेल एवं गैस के भंडारण का सही आंकलन पूर्ण कर लिया जाएगा। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आधारभूत संरचना का विकास भी बहुत तेज गति से किया जा रहा है। इंडोनेशिया के सुमात्रा क्षेत्र के समुद्रीय इलाकों से भी भारी मात्रा में कच्चा तेल निकाला जा रहा है तथा भारत का अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह भी इंडोनेशिया से कुछ ही दूरी पर स्थित है। इसके कारण यह आंकलन किया जा रहा है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्रीय क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के अपार भंडार मौजूद हो सकते है। हर्ष का विषय यह भी है कि इस क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के साथ साथ अन्य दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल/मेटल) के भारी मात्रा में मिलने की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है। भारी मात्रा में मिलने जा रहे कच्चे तेल के चलते भारत अपनी परिष्करण क्षमता को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। चूंकि चीन ने कुछ दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों का भारत को निर्यात करना बंद कर दिया है अतः भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में इन पदार्थों का मिलना भारत के लिए बहुत बड़ी खुशखबर है। पूर्व में भी भारत में कच्चे तेल एवं गैस के भंडार का पता चला था, जैसे बॉम्बे हाई, काकीनाड़ा, बलिया एवं समस्तिपुर, आदि। इन समस्त स्थानों पर कच्चे तेल को निकालने के संबंच में आवश्यक कार्य प्रारम्भ हो चुका है। दरअसल, इस कार्य में पूंजीगत खर्च बहुत अधिक मात्रा में होता है। जापान, रूस एवं अमेरिका से तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए इन देशों की बड़ी कम्पनियों के साथ करार करने के प्रयास भी भारत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। भारत का समुद्रीय क्षेत्र 5 लाख किलोमीटर का है। इसी प्रकार, पश्चिम बंगाल के समुद्रीय इलाके में भी खोज जारी है एवं इस क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के भंडार मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अंडमान एवं निकोबार क्षेत्र में कच्चे तेल का उत्पादन प्रारम्भ होने के पश्चात आगामी लगभग 70 वर्षों तक भारत को कच्चे तेल के आयात की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। द्वितीय शुभ समाचार यह प्राप्त हुआ है कि भारत के कर्नाटक राज्य में कोलार क्षेत्र में स्थित अपनी सोने की खदानों में भारत एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के सम्बंध में विचार कर रहा है। कोलार गोल्ड फील्ड को वर्ष 2001 में खनन की दृष्टि से बंद कर दिया गया था। परंतु, अब 25 वर्ष पश्चात स्वर्ण की इन खदानों में खनन की प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। इस संदर्भ में कर्नाटक सरकार ने भी अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। आज पूरे विश्व में सोने की कीमतें आसमान छूते हुए दिखाई दे रही है और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार में वृद्धि करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर इन देशों का विश्वास कुछ कम होता जा रहा है। बहुत सम्भव है कि आगे आने वाले समय में अमेरिकी डॉलर के बाद एक बार पुनः स्वर्ण मुद्राएं ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले व्यापार के भुगतान का माध्यम बनें। ऐसे समय में भारत के कोलार क्षेत्र में स्थित स्वर्ण की खदानों में एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करना एक अति महत्वपूर्ण निर्णय कहा जा सकता है। कोलार स्थित स्वर्ण की इन खदानों में 750 किलोग्राम स्वर्ण की प्राप्ति की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। प्राचीन काल में कोलार गोल्ड फील्ड को गोल्डन सिटी आफ इंडिया कहा जाता था।

प्राचीन काल में में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। एक अनुमान के अनुसार, भारतीय महिलाओं के पास 25,000 से 26,000 टन स्वर्ण का भंडार है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत की महिलाओं के पास स्वर्ण का जितना भंडार है लगभग उतना ही भंडार पूरे विश्व में अन्य देशों के पास है। अर्थात, पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण का आधा भाग भारतीय महिलाओं के पास आज भी उपलब्ध है। ब्रिटिश सरकार द्वारा भारत में स्थापित अपनी सत्ता के खंडकाल के दौरान लगभग 900 टन स्वर्ण, कोलार की खदानों से निकालकर, ब्रिटेन लेकर जाया गया था। भारत की केंद्रीय बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, के पास आज 880 टन स्वर्ण के भंडार हैं, जो कि भारत के 69,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार का 12 प्रतिशत हिस्सा है। हाल ही के समय में विदेशी निवेशकों का भारत पर विश्वास बढ़ा है अतः भारत का स्वर्णिम काल पुनः प्रारम्भ हो रहा है। विश्व के विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास आज 36,000 टन स्वर्ण का भंडार हैं, जबकि इनमे से कई देशों के केंद्रीय बैंक अभी भी स्वर्ण की खरीदी करते जा रहे हैं। स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का आज विश्व में 8वां स्थान है। चीन एवं रूस स्वर्ण के सबसे बड़े उत्पादक देश हैं फिर भी ये दोनों देश स्वर्ण का आयात भी जारी रखे हुए हैं। लगातार, पिछले 3 वर्षों से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक लगभग 1,000 टन स्वर्ण की खरीद प्रतिवर्ष कर रहे हैं। स्वर्ण की खरीदी का यह कार्य रुकने वाला नहीं है आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा। अतः भारत सरकार द्वारा भी कोलार गोल्ड फील्ड में स्वर्ण के खनन का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। स्वर्ण के भंडार बढ़ने के साथ भारत, रुपए का अंतरराष्ट्रीयकरण कर सकता है। साथ ही, स्वर्ण के भंडार बढ़ने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत भी बढ़ती जाएगी। कुल मिलाकर, अब यह कहा जा सकता है कि ईश्वरीय कृपा से एवं उक्त कारणों के चलते भारत को विश्व में एक बार पुनः सोने की चिड़िया बनाया जा सकता है।

# बनी होप कैच अवैध करार

//मनोज चतुर्वेदी//

**पिछले साल टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का कैच पकड़कर पांसा पलट दिया था। इस कैच को यादगार कैचों में शुमार किया जाता है। पर रोमांच पैदा करने वाले इस तरह के कैच अब देखने को नहीं मिलेंगे। बनी होप कहलाने वाले इन कैचों को आईसीसी के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अवैध करार दे दिया है। इस तरह के कैचों के लिए अब नया नियम बना दिया है।**

एमसीसी द्वारा बनाए नए नियम के हिसाब से कोई खिलाड़ी बाउंड्री लाइन पर मौजूद फील्डर यदि कैच पकड़ने के लिए उछलता है और वह गेंद पकढ़ते समय समझता है कि वह सीमा रेखा के बाहर जा रहा है तो वह गेंद को उछालकर सीमा रेखा के अंदर पकड़कर ही कैच पूरा कर सकता है। अगर वह गेंद सीमा रेखा के बाहर उछालकर और फिर बाहर जाकर हवा में रहते हुए, फिर से गेंद को अंदर उछालकर पड़ता है तो इस कैच को मान्य नहीं माना जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ी ने बाउंड्री लाइन से बाहर जाकर हवा में रखकर गेंद उछाली तो खुद उसे ही मैदान में अंदर आकर पकड़ना होगा। अगर कोई दूसरा फील्डर इस मैच को पकड़ता है तो इसे अमान्य कर दिया जाएगा। क्रिकेट नियमों बदलाव एक अनवरत प्रक्रिया है। खेल को और रुचिकर बनाने के उद्देश्य से नियमों में बदलाव हमेशा ही होते रहे हैं। इन नियमों में बदलाव का उद्देश्य एक तो बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों में संतुलन बनाए रखना होता है। पिछले कुछ सालों में बनी होप कैचों ने क्रिकेट में नया रोमांच तो पैदा किया है। पर कई बार दर्शकों को लगता है कि यह बल्लेबाजों के प्रति अन्याय है और जिस शॉट पर उसे छक्का मिलना चाहिए था, उस पर उसे आउट दे दिया गया। 2023 की बिग बैश लीग में माइकल नेसर द्वारा पकड़े एक कैच पर सवाल उठे।

इसी तरह बिग बैश लीग में ही 2020 में मैथ्यूवेड के कैच को लेकर भी सवाल उठे तो इस पर आईसीसी ने कैच के इस नियम की एमसीसी से समीक्षा करने को कहा था। एमसीसी ने समीक्षा के दौरान पाया कि यदि गेंद को उछालने वाला ही मैदान में अंदर आकर कैच पकड़े तब ही कैच मान्य होगा। मैथ्यू वेड के कैच मामले में मैट रैनशॉ बाहर से अंदर गेंद उछालने के बाद खुद बाहर ही गिर गए थे। अब नये नियम में सिर्फ एक बार ही गेंद को हवा में उछाला जा सकेगा। यह नियम श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच 17 जून से गॉल में खेले जाने वाले टेस्ट से लागू होगा। असल में इस टेस्ट से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकिल शुरू हो रही है। एमसीसी अधिकृत तौर पर इस नियम को अक्टूबर 2026 से लागू करेगा। आईसीसी क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने के लिए नियमों में बदलाव करता रहता है। इस सोच का ही नतीजा है कि टेस्ट मैचों से शुरुआत के बाद यह वनडे और टी-20 प्रारूप तक आ पहुंचा है। साथ ही आईसीसी की क्रिकेट समिति भी समय-समय पर हालात के हिसाब से नियमों में बदलाव करती रहती है। जिस तरह कोविड के समय में लार के माध्यम से वह फैल सकता था, तो गेंद की चमक बनाए रखने के लिए लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इसके लिए गेंदबाजों ने पसीने का इस्तेमाल करना शुरू किया, लेकिन लार के इस्तेमाल पर रोक से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग में दिक्कत आने लगी, क्योंकि वह गेंद की एक साइड को चमका नहीं पा रहे थे। पर आईपीएल के इस सत्र में लार के इस्तेमाल की छूट दे दी गई। हम सभी जानते हैं कि क्रिकेटप्रेमियों को स्टेडियम तक खींचकर लाने में बल्लेबाजों के विस्फोटक अंदाज की सबसे अहम भूमिका होती है। ऐसा नहीं है कि क्रिकेटप्रेमी अच्छी गेंदबाजी को पसंद नहीं करते हैं। पर उन्हें मजा चौके-छक्के देखने में ही आता है। इस कारण ज्यादातर नियम बल्लेबाजों के पक्ष वाले ही होते हैं, क्योंकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के मैच देखने का आईसीसी की कमाई से सीधा संबंध होता है। पर आईसीसी इस बात का ख्याल भी रखता है कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संतुलन बना रहे। इसी को ध्यान में रखकर वनडे मैचों में दो गेंदों के इस्तेमाल की शुरुआत हुई, क्योंकि पहले गेंद पुरानी होते ही बल्लेबाज हावी हो जाया करते थे। पर एमसीसी ने दो गेंदों के नियम में भी थोड़ा बदलाव किया है। अभी तक 50 ओवर के मैच में एक गेंद से 25 ओवर फेंके जाते थे। पर नए नियम के मुताबिक वनडे मैचों में 34 ओवर तक दो गेंदों से गेंदबाजी होगी और बाकी 16 ओवरों के लिए फील्डिंग टीम इन दो गेंदों में से किसी एक गेंद का इस्तेमाल कर सकेगी। आईसीसी ने कुछ सालों पहले खेल रहे किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह खिलाड़ी देने के लिए कन्कशन नियम बनाया था। इसमें खिलाड़ी के चोटिल होने पर ही बताया जाता था कि उसकी जगह किसे खिलाएंगे, लेकिन अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को कन्कशन के लिए पांच खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी।

## उत्तर भारत में पहाड़ों पर वारिस से तबाही और भूस्खलन से लोगों की परेशानियां बढ़ी

उत्तर भारत में विशेषकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर में भारी बारिश से तबाही का मंजर देखने को मिलता है और यह प्रतिवर्ष होता है। उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश सड़क,भवन,रास्तों,को भारी नुक्सान होता है। जुलाई, अगस्त, सितंबर,में उत्तरकाशी, गढ़वाल,टिहरी, रानीखेत, अल्मोड़ा,मंडी, बिलासपुर, शिमला, नैनीताल, देहरादून आदि जिलों में भीषण तबाही होती है।यह सिलसिला विगत तीस साल से बढ़ा है क्योंकि इन क्षेत्रों में तीस लाख पेड़ विकास के नाम पर दस साल में काटे गए हैं। बेहतासा बढ़ते पर्यटन को देखते हुए इन क्षेत्रों में सरकारों ने सड़कों का निर्माण किया है और व्यवसायियों ने होटलों का निर्माण किया है।अकेले शिमला, नैनीताल में 200 होटल है जिनसे पहाड़ों पर वजन बढ़ा है और वारिस के दिनों लैंड स्लाइड्स का खतरा भी हजारों प्रतिशत बड़ा है।भवनों ,बाजारों में अतिक्रमण हो गया है जो पूरे भारत की लाइलाज बीमारी है। एस जयशंकर कहते हैं कि पहाड़ों पर हरित क्षेत्रों के चलते यहां नमी अधिक रहती है इसके अलावा तापक्रम भी कम रहता है इस कारण वारिस बहुत और तेज होती है ।

## तस्वीरों की दुनिया



एससीएलसी से जुड़े कानून के छात्र और जूनियर वकील कोलकाता में साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के पास कस्बा लॉ कॉलेज के छात्रावास में एक छात्रा के साथ कथित बलात्कार के मामले में न्याय की मांग को लेकर एक विरोध रैली में हिस्सा लेते हुए।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नई दिल्ली स्थित न्यू झारखंड हाउस में हूल दिवस के अवसर पर सिद्धो-कान्हो को श्रद्धांजलि अर्पित की।



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अपनी स्थायी नौकरी खो चुके शिक्षक एसएससी घोटाले और कस्बा लॉ कॉलेज के छात्रावास में एक छात्रा के साथ कथित बलात्कार के खिलाफ कोलकाता के कस्बा पुलिस स्टेशन के पास न्याय की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन में हिस्सा ले रहे हैं।



उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में मानसून के दौरान भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद नरेंद्र नगर रानीपोखरी राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के दीक्षांत समारोह में भाग लिया, जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार,मौजूद थे।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन से मुलाकात की।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना के निजामाबाद में अत्याधुनिक राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड मुख्यालय का उद्घाटन किया।

# देश के कई राज्यों में लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात

## मौसम विभाग ने दी भारी वर्षा की चेतावनी, पहाड़ी इलाकों में हाहाकार

**नईदिल्ली, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

मानसून के पूरे देश में पहुंचने के बाद हो रही वर्षा से कई जगह जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और ओडिशा समेत कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।भारतीय मौसम विभाग ने मध्य भारत, उत्तराखंड और हरियाणा में बाढ़ के खतरे के कारण सतर्क किया है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने एक आनलाइन प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि उत्तराखंड और हरियाणा में अच्छी बारिश की उम्मीद है।पूर्वोत्तर के बड़े हिस्सों, पूर्वी भारत के कई क्षेत्रों और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है। पूर्वोत्तर, उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिणी प्रायद्वीप के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान देखने को मिल सकता है।

पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ और तेलंगाना के आस-पास के क्षेत्र और गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से में भारी वर्षा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बारिश का पैटर्न आमतौर पर तब होता है जब मानसून ट्रफ अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर स्थानांतरित होता है और जब कई निम्न दबाव प्रणाली बनती हैं। आमतौर पर, जुलाई में पांच निम्न दबाव प्रणाली बनती हैं और पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ती हैं। पूर्वी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में एक जुलाई से बारिश बढ़ सकती है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, साथ ही बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर भारी बारिश देखी गई।उत्तर प्रदेश में झमाझम बारिश, छह की मौत मानसून अब पूरी तरह प्रदेश में छा चुका है। सोमवार को दिनभर प्रदेश के सभी हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। रुक-रुक कर कभी हल्की तो कभी तेज। कानपुर, फर्रुखाबाद, बुलंदशहर, आगरा समेत कई जिलों में जल भराव का सामना लोगों को करना पड़ा। बारिश के दौरान गिरे बिजली के तार के करंट की चपेट में आकर मां-बेटे, छत और दीवार गिरने की घटनाओं में तीन, वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गई। बारिश के बीच प्रदेश में नदियों का जलस्तर बढ़ना भी जारी है। गंगा-यमुना के साथ ही शारदा, रामगंगा व केन, चंद्रावल नदियों में जलस्तर बढ़ा है। तटवर्ती गांवों में बाढ़ का पानी पहुंचने लगा है। लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में पलायन करने लगे हैं।

प्रशासन भी लगातार हालात पर नजर बनाए है। शिमला में पांच मंजिला भवन ढहा, वर्षा के कारण तीन की मौत शिमला के भट्टाकुफर में सुबह भारी वर्षा के बीच पांच मंजिला भवन ढह गया।शिमला के शहरी क्षेत्र में पूरी बरसात में खोदाई पर रोक लगा दी गई है। एचआरटीसी मंडी की सौली खड्ड स्थित मंडलीय वर्कशाप में पानी भरा होने के कारण करंट लगने से कर्मचारी की मौत हो गई जबकि बिलासपुर में जुखाला में अली खड्ड में डूबने से वृद्धा की जान चली गई। मंडी जिले में सराज के बागाचुनौगी में एक बुजुर्ग की गिरने से मौत हो गई।प्रदेश में 259 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के तीन जिलों में बहुत भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कांगड़ा, मंडी व सिरमौर में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है। उत्तराखंड और पंजाब में भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट उत्तराखंड में सोमवार सुबह से बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व हेमकुंड साहिब की यात्रा सुचारू हो गई है।

# पाताल में भी लक्ष्य को भेदेगा अग्नि-5 मिसाइल पर लगा वारहेड

## सटीक हमलों के मामले में अमेरिका का बी-2 बॉम्बर भी रह जाएगा पीछे

**नईदिल्ली, 01 जुलाई [एजेंसी]।**



हाल के वैश्विक संघर्षों से सबक लेते हुए भारत ने भविष्य के युद्धों के लिए बंकर बस्टर बम बनाने की दिशा में प्रयास तेज कर दिया है। भारत ऐसी शक्तिशाली मिसाइल प्रणाली पर काम कर रहा है, जिसमें अग्नि-5 पर लगा मुखास्त्र (वारहेड) पाताल में भी लक्ष्य को भेदने में सक्षम होगा।हालिया दिनों में जब अमेरिका ने ईरान के फोर्डो परमाणु संयंत्र पर हमला किया, तो बंकर बस्टर बम दुनियाभर में सुर्खियों में आ गया। हालांकि, भारतीय मिसाइल प्रणाली अमेरिका के बी-2 बमवर्षक से ज्यादा सटीक हमले करेगी, क्योंकि अग्नि-5 मिसाइल बेहतर ढंग से लक्ष्य पर निशाना साधेगी। भारत का बंकर बस्टर बम न सिर्फ जमीन के नीचे 80 से 100 मीटर तक दुश्मन के लक्ष्यों को भेद देगा, बल्कि इसे पारंपरिक हथियारों से नष्ट भी नहीं किया जा सकेगा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत द्वारा बंकर बस्टर बम का निर्माण पहले से प्रस्तावित था। लेकिन, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले के बाद भारत ने इसको लेकर अपना प्रयास तेज कर दिया है। पहाड़ियों के नीचे और मजबूत कंक्रीट से ढके होने के बावजूद अमेरिकी बंकर बस्टर ने फोर्डो परमाणु संयंत्र को तबाह कर दिया था। हालांकि, बी-2 बमवर्षक द्वारा छोड़े जाने वाले अमेरिकी बंकर बस्टर के विपरीत, भारतीय बंकर बस्टर को अग्नि मिसाइल पर वारहेड के रूप में लगाया जाएगा।भारत मिसाइल आधारित हमले का विकल्प चुन रहा है, क्योंकि इससे लागत कम होती है और परिचालन आसान रहता है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन अग्नि-5 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का नया संस्करण विकसित कर रहा है।

पहले के अग्नि संस्करण की रेंज 5,000 किलोमीटर से अधिक है और यह आमतौर पर परमाणु वारहेड ले जाता है। नया संस्करण एक पारंपरिक हथियार होगा, जो 7,500 किलोग्राम भारी बंकर बस्टर वारहेड ले जाने में सक्षम होगा। इसे इस तरह डिजाइन किया जा रहा है, जिससे यह कंक्रीट की मोटी परतों के नीचे दबे हुए दुश्मन के ठिकानों को भी भेद देगा। नए बंकर बस्टर वारहेड दुश्मन के इलाके में कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर, मिसाइल भंडार और महत्वपूर्ण सैन्य ढांचे को निशाना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का कड़ा रुख, पाकिस्तान जिंदाबाद पोस्ट शेयर करने वाले की जमानत याचिका खारिज, सुनाया बड़ा फैसला



**इलाहाबाद, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पाकिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे वाले फेसबुक पोस्ट शेयर करने के आरोप में गिरफ्तार अंसार अहमद सिद्दीकी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी देश विरोधी गतिविधियों को लेकर अदालतों की सहनशीलता ही इन मामलों की बढ़ती संख्या का कारण बन रही है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने कहा कि यह मामला जमानत देने योग्य नहीं है।न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे अपराध अब आम होते जा रहे हैं क्योंकि अदालतें ऐसे लोगों के प्रति उदार और सहिष्णु हैं जिनकी सोच देश विरोधी है। यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें आरोपी को इस समय जमानत दी जा सके।

कोर्ट ने कहा कि आरोपी का कृत्य संविधान और उसकी मूल भावना के प्रति अपमानजनक है। यह भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता के खिलाफ है। आरोपी की उम्र 62 वर्ष है और वह स्वतंत्र भारत में जन्मा है, ऐसे में उससे जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिलने वाले व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का संरक्षण नहीं दिया जा सकता। एफआईआर के अनुसार, आरोपी अंसार सिद्दीकी ने 3 मई को फेसबुक पर एक वीडियो साझा किया था जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा था और मुसलमानों से अपने पाकिस्तानी भाइयों का समर्थन करने की अपील की गई थी। यह पोस्ट देश की अखंडता और संप्रभुता को ठेस पहुंचाने वाला बताया गया। यह मामला उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के छतारी थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया है।

आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 (संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालना) और धारा 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुँचाने वाले कृत्य) के तहत केस दर्ज किया गया है। सुनवाई के दौरान, आरोपी के वकील ने कहा कि अंसार सिद्दीकी सिर्फ एक वीडियो शेयर किया था उसने खुद कुछ नहीं लिखा था। वह बुजुर्ग हैं और इलाज के दौर से गुजर रहे हैं। वहीं, सरकारी वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य देश विरोधी है और वह जमानत के योग्य नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि वीडियो 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद साझा किया गया, जिससे साबित होता है कि आरोपी उस हमले का समर्थन कर रहा था। 26 जून को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी और संविधान का हवाला देते हुए कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करे और देश की एकता व अखंडता की रक्षा करे।

## लैंडिंग के वक्त क्रैश होने से बाल-बाल बचा बोईंग 737 विमान, रनवे पर लहराया

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के टैंगरैंग प्रांत स्थित सोएकरनो हट्टा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। बैटिक एयरलाइन का एक बोइंग-737 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे पर अनियंत्रित हो गया, लेकिन पायलट की सूझबूझ से विमान क्रैश होने से बच गया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोगों की सांसें थम गईं। फ्लाइट PK-LDJ भारी बारिश और तेज हवाओं के बीच रनवे पर उतर रही थी। लैंडिंग के दौरान तेज हवा के झोंके के कारण विमान अचानक एक तरफ झुक गया, जिससे उसका एक पंख रनवे से लगभग टकरा ही गया था। बैटिक एयरलाइन के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस स्ट्रैटेजिक ऑफिसर दानंग मंडला प्रिहंतोरो ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि भारी बारिश के बीच हवाई अड्डे पर उतरते समय रनवे पर तेज हवा के कारण विमान थोड़ा लहरा गया था, लेकिन पायलट ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया और सुरक्षित लैंडिंग कराई।

## सूडान में दर्दनाक हादसा : सोने की खदान बनी कब्र, मलबे में दबने से 11 लोगों की मौत

**खार्तूम, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

उत्तर-पूर्वी सूडान में एक सोने की खदान ढहने से 11 लोगों की मौत हो गई और 7 लोग घायल हो गए। सरकारी खनिज संसाधन कंपनी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी के अनुसार, रेड सी स्टेट में अत्बारा और हाया शहरों के बीच हौएद इलाके में स्थित केर्श अल-फील खदान में यह हादसा हुआ। कंपनी ने अपने बयान में बताया कि खदान ढहने से यह घटना हुई, लेकिन हादसे की तारीख का जिक्र नहीं किया गया।कंपनी ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण खदान को पहले ही बंद करने का आदेश दिया गया था। लेकिन, इसने खनन गतिविधियों की निगरानी जारी रखने और सुरक्षा मानकों को बेहतर करने का वादा किया, साथ ही खनिकों से सुरक्षा और पर्यावरण नियमों का पालन करने की अपील की।सूडान में पारंपरिक खनन से सोने का एक बड़ा हिस्सा निकलता है, लेकिन खराब सुरक्षा मानकों और पुराने ढांचे के कारण क्षेत्र में अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। कंपनी ने कहा कि उसने पहले ही खदान में काम रोक दिया था और इसके जोखिम के बारे में चेतावनी दी थी, क्योंकि यह जानलेवा खतरा पैदा कर सकता है। आधिकारिक और एनजीओ के अनुसार, सोने का लगभग सारा व्यापार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के माध्यम से होता है। यूएई पर रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) को हथियार देने का आरोप है, लेकिन यूएई इससे इनकार करता है। सूडान में युद्ध ने पहले ही कमजोर अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से तोड़ दिया है।

# कनाडा का चौंकाने वाला फैसला : अमेरिकी टेक कंपनियों को टैक्स से छूट, अमेरिका से रिश्ते सुधारने की कोशिश

**ओटावा, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

कनाडा ने अमेरिकी टेक कंपनियों पर लगने वाले टैक्स को वापस लेने का ऐलान किया है। कनाडाई सरकार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापक व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। यह ऐलान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस एक्शन के बाद आया है जिसमें उन्होंने टैक्स टैरिफ को लेकर ओटावा के साथ बातचीत रोक दी थी। 'डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंस कनाडा' की प्रेस रिलीज में कहा गया, कनाडा की नई सरकार संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक नई आर्थिक और सुरक्षा साझेदारी पर जटिल वार्ता में लगी हुई है, जिसका फोकस कनाडाई श्रमिकों और व्यवसायों के लिए सर्वोत्तम डील हासिल करने पर केंद्रित है।

प्रेस रिलीज में कहा गया, प्रधानमंत्री कार्नी ने स्पष्ट किया है कि कनाडा डील को करने के लिए जितना जरूरी हो उतना समय लेगा, लेकिन इससे ज्यादा नहीं। उन वार्ताओं का समर्थन करने के लिए, वित्त और राष्ट्रीय राजस्व मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैंपेन ने घोषणा की है कि कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ डिजिटल सर्विस टैक्स (डीएसटी) को रद्द कर देगा। प्रधानमंत्री कार्नी और राष्ट्रपति ट्रंप ने सहमति जताई है कि पार्टी 21 जुलाई, 2025 तक डील पर सहमत होने की दिशा में बातचीत फिर से शुरू करेगी।

डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंस कनाडा ने बताया, कनाडा की प्राथमिकता हमेशा 'डीएसटी' से संबंधित बहुपक्षीय समझौता रही है। कनाडा संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ एक बहुपक्षीय समझौते पर काम कर रहा था, जो नेशनल डिजिटल सर्विस टैक्स की जगह लेगा। डीएसटी टैक्सेशन गैप को दूर करने के लिए लागू किया गया था। 30 जून 2025 से टैक्स कलेक्शन रोक दिया जाएगा। मंत्री शैंपेन जल्द ही डिजिटल सर्विस टैक्स एक्ट को रद्द करने के लिए विधेयक पेश करेंगे।

कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस पर खुशी जताते हुए कहा, कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच नए आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को लेकर हमारी वार्ताओं में, कनाडा की नई सरकार हमेशा किसी भी संभावित समझौते के समग्र योगदान को कनाडाई श्रमिकों और व्यवसायों के सर्वोत्तम हितों के संदर्भ में ही मार्गदर्शक मानेगी। उन्होंने आगे कहा, आज की घोषणा इस महीने कानानास्किस में हुए जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में तय 21 जुलाई 2025 की समयसीमा के अनुसार वार्ताओं को फिर शुरू करने में सहायक होगी।

## भूकंप के झटकों से हिला नेपाल, 3.9 रही तीव्रता

**काठमांडू ।** नेपाल में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.9 थी। अचानक आए भूकंप के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, 30 जून 2025 को सुबह 8.24 बजे (भारतीय समयानुसार) नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.9 थी। इसका केंद्र 29.24 उत्तरी अक्षांश और 81.77 पूर्वी देशांतर पर जमीन से 14 किलोमीटर की गहराई पर था। इससे पहले, 29 जून को दोपहर 2.19 बजे (भारतीय समयानुसार) नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.2 थी। इसका केंद्र 29.35 उत्तरी अक्षांश और 81.94 पूर्वी देशांतर पर जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

# एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सेना के हत्थे चढ़ा पाकिस्तानी गाइड, जैश के आतंकियों को लेकर आ रहा था भारत



**नईदिल्ली, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में एलओसी के पास भारतीय सेना ने एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि वह जैश-ए-मोहम्मद आतंकियों का गाइड था और पाकिस्तान की सेना के इशारे पर भारत में आतंकियों की घुसपैठ करवाने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मोहम्मद आरिफ अहमद के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के कोटली जिले के निकियाल क्षेत्र के डाटोटे गांव का रहने वाला है। सेना ने उसे राजौरी जिले के गम्भीर इलाके में हजूरा पोस्ट के पास पकड़ा। दोपहर में वह चार जैश-ए-मोहम्मद आतंकियों के साथ भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भारतीय सेना की चौकसी से वह पकड़ लिया गया, जबकि बाकी चार आतंकी खाई में कूदकर वापस पाकिस्तानी सीमा में भाग गए। बताया गया कि भागते वक्त वे घायल भी हो गए। एक वरिष्ठ सेना अधिकारी ने बताया कि सेना और बीएसएफ ने पहले से मिली खुफिया जानकारी पर कार्रवाई की थी। जानकारी मिली थी कि एलओसी के पास से आतंकियों को घुसपैठ कराने की कोशिश की जाएगी।

इसी के चलते इलाके में सर्च ऑपरेशन और चौकसी बढ़ाई गई थी। सेना के जवानों ने गम्भीर इलाके की घने जंगलों और पहाड़ी रास्तों में संदिग्ध गतिविधि देखी। करीब चार से पांच हथियार बंद आतंकी भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गाइड को पकड़ लिया। सेना के जवानों ने गम्भीर इलाके की घने जंगलों और पहाड़ी रास्तों में संदिग्ध गतिविधि देखी। करीब चार से पांच हथियार बंद आतंकी भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। सेना ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गाइड को पकड़ लिया।गिरफ्तारी के बाद की शुरुआती पूछताछ में मोहम्मद आरिफ ने स्वीकार किया कि वह पाक सेना की मदद से आतंकियों को भारत में दाखिल करवाने का काम करता था। उसने यह भी बताया कि जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी भारी हथियारों और अन्य संदिग्ध सामानों से लैस थे।

# बिहार सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच 6 नए क्षेत्रीय हवाई अड्डों के लिए एमओयू साइन

## मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और रेजीडेंट कमिश्नर कुंदन कुमार रहे मौजूद

**नईदिल्ली, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

दिल्ली स्थित बिहार निवास में आज एक ऐतिहासिक कदम के तहत बिहार सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच छह नए क्षेत्रीय हवाई अड्डों के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर बिहार के मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा तथा दिल्ली स्थित बिहार के रेजीडेंट कमिश्नर श्री कुंदन कुमार की उपस्थिति रही। साथ ही इस बैठक में बिहार के डायरेक्टर सिविल एविएशन श्री निलेश देवरे ने AAI के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी। इसके तहत मधुबनी, बिरपुर (सुपौल), मुंगेर, वाल्मीकि नगर (पश्चिम चंपारण), मुजफ्फरपुर और सहरसा में छोटे हवाई अड्डों के निर्माण की योजना है। इन परियोजनाओं के पहले चरण के लिए 150 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें प्रत्येक हवाई अड्डे के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा, यह समझौता बिहार में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। यह न सिर्फ राज्य की यातायात संरचना को मजबूती देगा, बल्कि विकास और निवेश के नए द्वार भी खोलेगा।

इस अवसर पर रेजीडेंट कमिश्नर श्री कुंदन कुमार ने कहा, नई दिल्ली में बिहार निवास एक संवाद और समन्वय का केंद्र बन रहा है। यह समझौता बिहार की क्षेत्रीय हवाई सेवा को नई ऊंचाई देने वाला है और इसके माध्यम से केंद्र व राज्य के बीच सहकार्य को नई गति मिलेगी। यह पहल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत दृष्टिकोण और भारत सरकार की उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य किफायती हवाई यात्रा के माध्यम से अनुपयुक्त क्षेत्रों को जोड़ना है। भारत अगले पांच वर्षों में 50 और हवाई अड्डे जोड़ने की योजना बना रहा है, जिससे 2047 तक कुल 350 से अधिक हवाई अड्डों का लक्ष्य रखा गया है। इन योजना वाले हवाई अड्डों पर 19-सीटर विमान संचालित होंगे, जो बिहार के दूरदराज क्षेत्रों तक हवाई यात्रा की पहुँच में महत्वपूर्ण सुधार करेंगे।बिहार सरकार की यह पहल राज्य में समावेशी विकास को बल देगी। खासकर उन ज़िलों को जिनमें अब तक हवाई सुविधाएं नहीं थीं, वहां पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार ने यह संकेत भी दिया है कि भविष्य में और भी हवाई अड्डों के निर्माण के लिए आवश्यक बजट आवंटन किया जाएगा।

## वाटरफॉल में डूबने से एयरफोर्स जवान की मौत, दोस्तों के साथ आया था घूमने, घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बाद मिली लाश

**रीवा ।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में स्थित केवटी जलप्रपात में डूबे एयरफोर्स जवान का शव बरामद कर लिया गया है. मृतक प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)भारतीय वायुसेना के कुल 5 जवान दोपहर करीब 4 बजे केवटी पहुंचे थे. सभी नहाने के लिए जलप्रपात के नीचे बने गहरे कुंड में उतरे, लेकिन इसी दौरान एक जवान का पैर फिसला और वह तेज बहाव के साथ गहरे पानी में समा गया. घटना की सूचना मिलते ही NDRF, SDRF और पुलिस बल मौके पर पहुंचा. देर रात तक चला सर्च ऑपरेशन सोमवार सुबह तक चला और जवान का शव पानी से बाहर निकाला गया. केवटी जलप्रपात में हर साल इस तरह के हादसे सामने आते हैं, लेकिन प्रशासन अब तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाया है. न तो चेतावनी बोर्ड लगे हैं, न ही प्रशिक्षित गोताखोरों की स्थायी तैनाती है. स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों का कहना है कि प्रशासन को अब सजग होने की जरूरत है. केवटी जैसे खतरनाक स्थल को रेड जोन' घोषित कर वहां सुरक्षा के स्थायी इंतजाम किए जाएं.





## फर्जी खबरों पर लगाम लगाने के लिए कर्नाटक सरकार ने उठाया सख्त कदम, 7 साल तक की जेल!

**बेंगलुरु।** फर्जी समाचार और अन्य गलत सूचना फैलाने के संदर्भ में कर्नाटक सरकार द्वारा एक मसौदा विधेयक तैयार किया गया है। इसमें फेक न्यूज के लिए सात साल तक की जेल की सजा का प्रविधान किया गया है। इस पहल से अभिव्यक्ति की आजादी के अलंबदारों के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे फ्री स्पीच पर अंकुश लग सकता है।हालांकि, कुछ लोगों का यह भी मानना है कि लगभग एक अरब इंटरनेट यूजर वाले तथा कई जातीय एवं धार्मिक समुदायों वाले भारत जैसे विशाल देश में फर्जी खबरों से घातक संघर्ष भड़कने का खतरा है। गौरतलब है कि चुनावों के दौरान वायरल हुए एआइ डीपफेक जनित कई वीडियो के कारण अधिकारियों के माथे पर बल पड़ गए थे।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड : विपिन रघुवंशी ने आरोप लगाने वाली महिला पर उठाए सवाल

### कहा- हमें साजिश के तहत फंसाया जा रहा महिला को भेजेंगे मानहानि का नोटिस



**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। इस रेप केस में आरोपी बनाए गए सचिन रघुवंशी के छोटे भाई विपिन रघुवंशी ने अब सामने आकर आरोप लगाने वाली महिला पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। विपिन रघुवंशी ने कहा कि कुछ लोग उन्हें और उनके परिवार को झूठे मामले में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही उन लोगों के नाम भी सार्वजनिक करेंगे जो इस साजिश में शामिल हैं। विपिन ने बताया कि उन्हें यह भी नहीं पता कि उनके भाई सचिन रघुवंशी कब जेल गए थे। उन्होंने सवाल उठाया कि जो महिला इतने गंभीर आरोप लगा रही है, वह मुंह ढक कर क्यों बोल रही है। अगर उसमें सच्चाई है तो खुलकर सामने आकर बात करे, तभी सच्चाई उजागर हो पाएगी। विपिन ने यह भी कहा कि अगर उस महिला को राजा रघुवंशी की गर्लफ्रेंड का नाम पता है तो उसे सार्वजनिक करें ताकि सभी चीजें साफ हो सकें। राजा पर इस तरह आरोप लगाकर उसे बदनाम कर रही है तो हम उसे मानहानि का नोटिस भेजेंगे।

इधर, शिलांग पुलिस की एसआईटी टीम ने भी विपिन रघुवंशी से पूछताछ की है। टीम ने सोनम रघुवंशी को दिए गए गहनों की फोटो की मांग की, लेकिन अभी तक जब्त किए गए जेवरों की शिनाख्त विपिन से नहीं कराई गई है। विपिन रघुवंशी ने शिलोम जेम्स की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस इस मामले में शिलोम की भूमिका की भी जांच करे।



## मस्ती-4 के लिए तुरंत हामी भरी, कॉमेडी में सही टाइमिंग के लिए लगातार मेहनत जारी : रूही सिंह

एक्ट्रेस रूही सिंह अपनी आने वाली फिल्म मस्ती 4 में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने बात करते हुए इस फिल्म के निर्देशक मिलाप जावेरी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मिलाप जावेरी बेहतर तरीके से जानते हैं कि जनता को क्या पसंद आता है। साथ ही बताया कि वह दर्शकों को हंसाने के लिए कॉमेडी टाइमिंग को लेकर कड़ी मेहनत कर रही हैं।


एक्ट्रेस ने कहा, वह शुरू से ही मस्ती फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। वह मस्ती की खासियत और आम लोगों को क्या पसंद आता है, ये अच्छी तरह समझते हैं। मैं उनके निर्देशन के लिए बहुत उत्साहित हूं। वह दर्शकों को अच्छी तरह समझते हैं और उनकी पसंद के हिसाब से फिल्म बनाते हैं।

एक्ट्रेस ने कहा, जब मुझे मस्ती 4 का ऑफर मिला, तो मैंने उसके लिए तुरंत हामी भर ली। मस्ती एक बड़ी और प्रसिद्ध फिल्म सीरीज है जिसकी अपनी एक पहचान है, और उसका हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हुई। यह फिल्म एक शानदार कलाकारों की टीम, एक ऐसा निर्देशक जो फिल्म और दर्शकों को समझता है, और जिसमें मजाक-मस्ती मुख्य बात है, ये सब मिलकर फिल्म को बहुत मजेदार बनाते हैं। कुल मिलाकर, यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका है।

उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि मैंने अपने दोस्तों के साथ ग्रैंड मस्ती देखी थी और हम बहुत जोर-जोर से हंसे थे।

कॉमेडी करना मुश्किल होता है। कॉमेडी में सही टाइमिंग पकड़ना उनके लिए कितना मुश्किल है? इस सवाल पर रुही ने कहा, मुझे खुद पर हंसने में कोई डर नहीं लगता। मैं अपनी निजी जिंदगी में मजाकिया और हंसमुख हूं। मैं जानती हूं कि कॉमेडी करना सबसे मुश्किल होता है, इसलिए मैं खुद पर काम कर रही हूं। मैं बहुत सारी कॉमेडी फिल्में देख रही हूं, खासकर राजपाल यादव और परेश रावल की फिल्में। साथ ही, मैं अपने एक्टिंग टीचर के साथ लगातार अभ्यास कर रही हूं ताकि कॉमेडी की सही टाइमिंग समझ सकूं।

## मौनी रॉय ने शॉर्ट ड्रेस में शेयर की स्टनिंग तस्वीरें, फैंस बोले- हॉट एंड फियरलेस



टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय एक बार फिर अपने स्टनिंग अंदाज़ से सोशल मीडिया पर छा गई हैं. मौनी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह शॉर्ट शिमरी ड्रेस में बेहद ग्लैमरस और बोल्ड अंदाज़ में नजर आ रही हैं. उनका ये लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है और कमेंट सेक्शन में लोग उन्हें हॉट, फियरलेस और स्टाइल क्वीन कहकर तारीफ कर रहे हैं. मौनी रॉय ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'बिल्ली जैसा एहसास'. इस लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने मिनिमल मेकअप, वेवी ओपन हेयर और न्यूड हील्स को कैरी किया है, जो उनके ग्लैमरस अपील को और भी बढ़ा रहा है. फोटो में मौनी एक सॉफे पर बैठकर कैमरे की तरफ बेहद कॉन्फिडेंट पोज देती नजर आ रही हैं.

मौनी के इस पोस्ट पर कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स आ चुके हैं. फैंस के अलावा कई सेलेब्रिटीज़ ने भी उनकी तारीफ की है. दिशा पाटनी और अर्जित तनेजा जैसे स्टार्स ने भी मौनी के इस लुक पर फायर इमोजी के साथ रिएक्ट किया है. मौनी रॉय की स्टाइलिश तस्वीरें यह साबित करती हैं कि वह सिर्फ शानदार एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि असली फैशन दीवा भी हैं. उनके हर नए लुक का फैन्स को बेसब्री से इंतजार रहता है और वह हर बार अपने ग्लैमरस अंदाज़ से लोगों का दिल जीत लेती हैं.

# इन 5 फलों को फ्रिज में न रखें, स्वाद और पोषण हो सकता है प्रभावित

फल और सब्जियां सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं और इनका सेवन किसी भी रूप में किया जा सकता है। इनका सेवन कच्चा, सलाद, जूस और स्मूदी के रूप में किया जा सकता है। हालांकि, कई लोग फल को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने के लिए फ्रिज में रख देते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे फल के बारे में बताते हैं, जिन्हें फ्रिज में नहीं रखना चाहिए।

**केले**

केले एक ऐसा फल है, जिसे ठंडे तापमान में रखने से बचना चाहिए। केले को फ्रिज में रखने से इसका स्वाद बिगड़ सकता है और पोषक तत्व कम हो सकते हैं। इसके अलावा ठंड के कारण केले के छिलके पर काले धब्बे पड़ जाते हैं। ये धब्बे हानिकारक नहीं होते, लेकिन केले की ताजगी खराब कर सकते हैं और खाने की इच्छा कम कर सकते हैं। बेहतर होगा कि आप केले को किसी कमरे के तापमान वाले स्थान पर रखें।

**तरबूज**

तरबूज को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। ठंडा तापमान तरबूज की मिठास को कम कर सकता है और इसका स्वाद बिगड़ सकता है। इसके अलावा ठंड के कारण तरबूज के गूदे में दरारें पड़ जाती हैं, जिससे उसका रस निकलने लगता है और यह जल्दी



खराब हो सकता है। तरबूज को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए इसे किसी ठंडी जगह पर रखें ताकि इसका स्वाद और पोषण बरकरार रहे।

**पपीता**

पपीता को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। ठंडा करने से पपीते का स्वाद बिगड़ सकता है और यह जल्दी खराब हो सकता है। पपीते में मौजूद तत्व भी ठंड के कारण प्रभावित होते हैं, जिससे उसका स्वाद बिगड़ सकता है। इसके अलावा पपीते को फ्रिज में रखने से इसके पोषक तत्व भी कम हो सकते हैं इसलिए पपीते को किसी कमरे के तापमान वाले स्थान पर रखें।

**लीची**

अगर लीची को फ्रिज में रखा जाए तो इसके कारण लीची का स्वाद और ताजगी दोनों ही बिगड़ जाते हैं। इसके अलावा लीची को फ्रिज में रखने से इसके पोषक तत्व भी कम हो सकते हैं। अगर आप लीची को लंबे समय तक ताजा, स्वादिष्ट और पौष्टिक रखना चाहते हैं तो इसे फ्रिज में रखने की बजाय किसी कमरे के तापमान वाले स्थान पर रखें।

**आम**

आम को भी ठंडे स्थान पर नहीं रखना चाहिए। ठंडा तापमान आम का स्वाद कम कर सकता है और यह जल्दी खराब हो सकता है। इसके अलावा ठंड के कारण आम के गूदे में दरारें पड़ जाती हैं, जिससे उसका रस निकलने लगता है और वह जल्दी सड़ सकता है। आम को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने के लिए इसे घर की किसी ठंडी जगह पर रखें।

# मानसून के दौरान घुंघराले बालों को उलझन से बचाने के लिए अपनाएं ये तरीके

मानसून के मौसम में घुंघराले बालों में उलझन की समस्या बढ़ जाती है। बारिश और नमी के कारण बालों की प्राकृतिक नमी कम हो जाती है, जिससे वे उलझ जाते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ प्राकृतिक उपाय बताएंगे, जिनसे आप अपने घुंघराले बालों को उलझन से बचा सकते हैं और उन्हें स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप मानसून के दौरान अपने बालों की देखभाल कर सकते हैं।



नारियल के तेल से करें सिर की मालिश

नारियल का तेल बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह बालों को पोषण देता है और उनकी नमी बनाए रखता है। मानसून के दौरान नियमित रूप से नारियल के तेल से सिर की मालिश करें। इससे बाल मुलायम बने रहते हैं और उनमें उलझन की समस्या कम होती है। इसके अलावा नारियल का तेल बालों की जड़ों को मजबूत करता है और उन्हें टूटने से बचाता है। सप्ताह में दो बार नारियल के तेल से मालिश करें।

एवोकाडो और शहद का मिश्रण लगाएं

एवोकाडो में वो तत्व होते हैं जो बालों की वृद्धि के लिए जरूरी होते हैं। शहद प्राकृतिक नमी देने वाला होता है जो बालों को नमी प्रदान करता है। इन दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं और इसे अपने सिर पर लगाएं। 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपके बाल मुलायम, चमकदार और स्वस्थ रहेंगे। यह मास्क बालों की जड़ों तक पोषण पहुंचाता है और उन्हें टूटने से बचाता है।

एलोवेरा जेल और नींबू का रस लगाएं

एलोवेरा जेल त्वचा और बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें सूजन को कम करने वाले गुण होते हैं, जो बालों को ठंडक पहुंचाते हैं और उन्हें मुलायम बनाते हैं। नींबू का रस विटामिन-सी से भरपूर होता है, जो बालों की मजबूती बढ़ाता है। दोनों को मिलाकर एक मिश्रण तैयार करें और इसे अपने सिर पर लगाएं। 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपके बाल मुलायम, चमकदार और स्वस्थ रहेंगे।

गुनगुने पानी से धोएं सिर

मानसून में बाल धोने के लिए ठंडा पानी न इस्तेमाल करें क्योंकि इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसके बजाय गुनगुने पानी का उपयोग करें, जिससे बालों की जड़ों तक पोषण पहुंचता है और वे टूटने से बचते हैं। इन प्राकृतिक उपायों को अपनाकर आप मानसून के दौरान अपने घुंघराले बालों को उलझन से मुक्त रख सकते हैं और उन्हें स्वस्थ बनाए रख सकते हैं।

## विजय सेतुपति की नई फिल्म का टाइटल हुआ जारी थलाइवन थलाइवी बनी है नित्या मेनन के साथ जोड़ी



साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। हालांकि, अब मेकर्स ने इस फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है। जिसके बाद अब फिल्म का नाम सामने आ गया है। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है। इसके बाद दोनों मजाक और बहस करते हुए रसोई में खाना बनाते नजर आते हैं। टीजर में दोनों के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिली है। टीजर में योगी बाबू भी नजर आए हैं। जो ये बताते हैं कि यह जोड़ी सामान्य से बहुत दूर है। तभी विजय सेतुपति एक बंदूक निकालते हैं और गोली चलाते हैं। इसके साथ ही टीजर समाप्त हो जाता है। मलयालम फिल्म '19(1)( ए)' के बाद विजय सेतुपति और नित्या मेनन दूसरी बार एक साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे। पंडिराज द्वारा लिखित और निर्देशित 'थलाइवन थलाइवी' के टीजर के बाद अब दर्शक इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। हालांकि, अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की गई है।

## नानी ने शुरू की द पैराडाइज की शूटिंग, मेकर्स ने शेयर की फिल्म से जुड़ी खास तस्वीर

साउथ स्टार नानी की आगामी फिल्म 'द पैराडाइज' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और फिल्म से जुड़ी हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। नानी की मच अवेटेड फिल्म 'द पैराडाइज' के फैंस के लिए खुशखबरी है। इस फिल्म की शूटिंग अब शुरू हो चुकी है। फिल्म की शूटिंग में अब आज नानी भी शामिल हो गए हैं। आज नानी का शूटिंग पर पहला दिन था। बीते एक हफ्ते में टीम ने फिल्म की कहानी में बचपन के किरदारों से जुड़े हिस्से की शूटिंग की है। 'द पैराडाइज' नानी और निर्देशक श्रीकांत ओडेला की दूसरी फिल्म है। हैदराबाद में 40 दिन का शेड्यूल जारी है, जिसमें लीड कास्ट के साथ कुछ अहम सीन शूट किए जा रहे हैं। मेकर्स की ओर से फिल्म से जुड़ी एक तस्वीर शेयर की गई है। सोशल मीडिया पर इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा गया है 'धगड़ आ गया है।' इस तस्वीर में किसी का चेहरा नहीं दिख रहा है। सिर्फ एक पैर दिख रहा है। जिसमें पैंट और काले जूते नजर आ रहे हैं। जूतों में एक ब्रेसलेट जैसा कुछ पड़ा हुआ है। सामने एक शहर और कुछ झुग्गी झोपड़ियां नजर आ रही हैं। 'द पैराडाइज' 26 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म को हिंदी समेत कुल आठ भाषाओं तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बांग्ला, इंग्लिश और स्पेनिश में रिलीज किया जाएगा। एक्टर नानी की बात करें तो वो इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'हिट 3' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ श्रीनिधि शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसे दर्शकों व क्रिटिक्स दोनों ने सराहा था।



## शब्द सामर्थ्य -095


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 094 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## कीर्ति सुरेश की नई फिल्म प्राइम वीडियो पर 4 जुलाई को होगी रिलीज

कीर्ति सुरेश और सुहास स्टारर नई तेलुगू फिल्म उप्पु कप्पुरम्बु 4 जुलाई 2025 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है. फिल्म की कहानी एक काल्पनिक गांव चिट्टी जया पुरम में सेट है, जहां कब्रिस्तान में जगह की कमी के कारण गांव में हंसी, अफरा-तफरी और हलचल मच जाती है. फिल्म में कीर्ति सुरेश गांव की नई मुखिया बनी हैं, जबकि सुहास कब्रिस्तान के केयरटेकर की भूमिका निभा रहे हैं. निर्देशक अनी आई.वी. सासी की इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह पूरे गांव के लोग इस अजीब संकट का हल निकालने के लिए एकजुट होते हैं. हास्य और मानवीय रिश्तों की परतों को छूती यह कहानी अंततः कम्युनिटी स्पिरिट पर फोकस करती है.उप्पु कप्पुरम्बु का निर्माण राधिका लावु के बैनर एलनार फिल्म्स के तहत हुआ है. फिल्म तेलुगू में रिलीज होगी, साथ ही तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में भी डब वर्जन उपलब्ध रहेंगे. खास बात यह है कि फिल्म का नाम भी एक प्रसिद्ध तेलुगू कविता से लिया गया है, जिसमें यह दिखाया गया है कि एक जैसे दिखने वाली चीजें भी असल में कितनी अलग हो सकती हैं.

42 ग्राम पंचायतों के 8 हजार आवासीय परिसर में एक संकल्प के साथ लगाए गए 24 हजार पौधे

# क्लीन कोरिया,ग्रीन कोरिया बनाने में रंग ला रही है कलेक्टर त्रिपाठी की पहल

## वनांचल सोनहत में जनभागीदारी से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सुनहरा कदम

**कोरिया बैकुंठपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी अभियान एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत में आज व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान की कड़ी में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए वनांचल जनपद पंचायत सोनहत के सभी 42 ग्राम पंचायतों में एक साथ 24 हजार पौधे रोपे गए और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। एक साथ बड़े पैमाने पर हुए इस पौधारोपण में वनांचल के 8 हजार आवास हितग्राहियों ने एक साथ संकल्प लेकर अपने आवासों के परिसर में आज सुबह से पौधारोपण किया। इस अभियान के तहत पूरे जनपद के प्रत्येक आवास हितग्राहियों ने तीन-तीन पौधों के मान से अपने आवासों के आस-पास पौधे लगाए और फिर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा जिले को क्लीन कोरिया ग्रीन कोरिया का नारा देते हुए इसकी संकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक स्तर पर जनभागीदारी को सर्वाधिक महत्व का विषय बताते हुए सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।



एक साथ लगाए गए 24 हजार पौधे कोरिया जिले में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक साथ एक दिन जनभागीदारी से एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पौधों का रोपण हुआ है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना बनाकर वनांचल जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी का आवाहन किया गया। सभी को वृक्षारोपण की अनिवार्यता और लाभ के बारे में जागरूक करते हुए सहभागिता बनाकर आवास तक पौधे उपलब्ध कराए गए और ग्राम पंचायतों की पहल के साथ सभी हितग्राहियों ने एक साथ इस व्यापक पौधारोपण अभियान में हिस्सेदारी की और एक पेड़ मां के नाम लगाकर क्लीन कोरिया,ग्रीन कोरिया को मजबूत किया। 30 जून की सुबह नौ बजे से 42 ग्रामों में एक साथ आठ हजार परिवारों ने तीन पौधे प्रत्येक के मान से कुल 24 हजार फलदार पौधे लगाकर नई इबारत लिखी।

**सीईओ जिला पंचायत डॉ आशुतोष चतुर्वेदी**

जिले में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए कार्ययोजना बनाकर पौधरोपण अभियान की सफलता के निर्देश दिए गए हैं। जिले में विभागों के साथ ब्लाक प्लांटेशन और लीनियर प्लांटेशन के साथ व्यक्तिगत हितग्राहियों की श्रेणी का पृथक पृथक चिन्हाकन कर पौधरोपण कार्य कराया जा रहा है। इस वर्ष कोरिया जिले में पौधरोपण के साथ ही सबसे ज्यादा उनकी सुरक्षा के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए आम नागरिकों को संकल्प दिलाया जा रहा है जिससे सभी पौधे आगे चलकर कोरिया की हरियाली को बढ़ा सकें।

**कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी**

कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र के आठ हजार कोरियावासियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर 24 हजार पौधे लगा दिए हैं। यह एक नई शुरूआत है जब इतनी बड़ी संख्या में जनभागीदारी से पौधे एक साथ एक दिन लगा लिए गए हैं। सभी ने इनकी सुरक्षा का संकल्प लिया है। आने वाले समय में पौधरोपण अभियान के अंतर्गत और भी जगहों पर बड़ी संख्या में जनसहयोग से एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने की कार्यवाही की जानी है।

## शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**कोरिया बैकुंठपुर।** शिक्षा सत्र 2024-25 में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले कोरिया जिले के मेधावी विद्यार्थियों को आज शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह बैकुंठपुर के जिला पंचायत ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गरिमामयी अवसर पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दसवीं व बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए सम्मानित किया गया। दसवीं कक्षा में वर्ष 2023-24 में नवां स्थान जबकि 2024-25 में राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया गया। बारहवीं कक्षा में वर्ष 2023-24 में सातवां स्थान में था जबकि 2024-25 में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जिले का परीक्षा परिणाम में दसवीं में 92.33 प्रतिशत और बारहवीं में 92.42 प्रतिशत रहा जबकि राज्य में दसवीं में 76 प्रतिशत, बारहवीं में 81 प्रतिशत परीक्षा परिणाम था। कोरिया जिला राज्य औसत से काफी आगे रहा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा, यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की सतत निगरानी और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि 'मिशन 100' के तहत त्रैमासिक परीक्षा से पहले कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं चलाई गईं और ऑनलाइन शिक्षा की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राज्य शासन द्वारा नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया जा रहा है, जिन्हें स्कैन कोड के माध्यम से ऑनलाइन भी डाउनलोड किया जा सकता है।कलेक्टर ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में कोरिया जिला और भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। शिक्षकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों से जिले को राज्य में शीर्ष स्थान पर लाने का संकल्प लिया गया है। इस कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, सुरेश सिंह, श्रीमती संगीता सोनवानी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, विधायक प्रतिनिधि राम प्रताप मरावी, वरिष्ठ नागरिक शैलेष शिवहरे, कृष्णा बिहारी जायसवाल कार्यक्रम में सोनहत व बैकुंठपुर से आए छात्र, शिक्षक व पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## राजेश राज गुप्ता बने श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के सरगुजा संभाग अध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के सरगुजा संभाग का पुनर्गठन किया गया, जिसमें राजेश राज गुप्ता को संभागीय अध्यक्ष और खगेन्द्र यादव को संभागीय महासचिव नियुक्त किया गया। यह नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष बी.डी. निजामी व सरगुजा संभाग प्रभारी के मार्गदर्शन में, जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों और सदस्यों की सर्वसम्मति से की गईं। प्रदेश अध्यक्ष बी.डी. निजामी ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की और कहा कि संगठन नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तेजी से कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि संभागीय अध्यक्ष, महासचिव व प्रभारी के नेतृत्व में जल्द ही कोरिया, सूरजपुर और जशपुर जिलों के अध्यक्ष तय कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष राजेश राज गुप्ता ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बी.डी. निजामी, संस्थापक सदस्य सुरेंद्र कपूर काके, कार्यकारिणी अध्यक्ष इजहार अहमद, संभाग अध्यक्ष राजेश राज गुप्ता, महासचिव खगेन्द्र यादव, कमरून निशा, अम्बिकापुर शहर अध्यक्ष विनय त्रिपाठी, बलरामपुर जिला अध्यक्ष अनिल सोनी, एमसीबी जिला अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, मनेंद्रगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बदरी प्रसाद बारी, संगठन सदस्य रवि शर्मा और शैलेश गुप्ता उपस्थित रहे।

## न्यायधानी बिलासपुर में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के हाथों ट्रैफिक मैन महेश मिश्रा को मिला पुलिस गौरव देशभक्त सम्मान

**कोरिया बैकुंठपुर।** बिलासपुर स्थित डॉ. जेठू साहू के रिसोर्ट में टीजीबी मीडिया द्वारा 28 एवं 29 जून को दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय गायन, नृत्य, टैलेंट, फैशन शो प्रतियोगिता एवं विविध क्षेत्रों के ख्याति प्राप्त लोगों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कोरिया जिले के यातायात में पदस्थ लांस नायक महेश मिश्रा को पुलिस गौरव देशभक्त सम्मान से सम्मानित किया गया।



गौरतलब है कि नायक महेश मिश्रा नि:स्वार्थ भाव से निरंतर यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने हेतु न केवल जिले में बल्कि पूरे प्रदेश एवं देश स्तर पर जाने जाते हैं और छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा अन्य राज्यों में भी यातायात जागरूकता अभियान संचालित करते रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू के हाथों सम्मान प्राप्त करने के उपरांत श्री मिश्रा ने आग्रह किया कि लोग अपनी जीवन रक्षा के लिए नियमों का पालन करें यातायात नियमों का पालन करने पर गर्व की अनुभूति करें ना कि नियम तोड़कर अपनी बहादुरी साबित करने का प्रयास, वाहन चालन एवं पीछे सवार होने की स्थिति में केवल हेलमेट और सीट बेल्ट का धारण कर चलने से सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में 40त्न की कमी आती है। वाहन दुर्घटना अपने आप नहीं हुआ करती आपकी जरा सी लापरवाही किसी की जान ले सकती है, नियमों का पालन करें खुद सुरक्षित रहें औरों को भी सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें। उक्त दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर निगम बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी, राष्ट्रीय समन्वयक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश व गुजरात त्रिलोक चंद श्रीवास, समाजसेवी प्रवीण झा, डॉ प्रदीप शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशलता पूर्वक मंच संचालन कोरिया जिले के नायक महेश मिश्रा ने किया। सफल आयोजन एवं सम्मान हेतु श्री मिश्रा ने टीजीबी मीडिया की स्टेट डायरेक्टर पुष्पा साहू एवं मीडिया प्रभारी अमित कुमार का विशेष आभार व्यक्त किया।

## मध्यप्रदेश जाने के बाद भी लोगों के प्रति आत्मीय लगाव सराहनीय

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज नगर के वार्ड क्रमांक 8 में ब्रिटिश जमाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित था। जो सन 2014 में वार्ड क्रमांक 1 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनने पर शिफ्ट हो गया वहीं पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 1989 से सन 2004 तक डॉक्टर भोजराज शर्मा एवं उनकी पत्नी सुनीता शर्मा ने अपनी सेवाएं दी थी। इस दौरान सरगुजा जिले के सुदूर रामानुजगंज में सीमित संसाधनों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए आज भी क्षेत्र के लोग उन्हें याद करते हैं। मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ अलग होने के बाद वह मध्य प्रदेश चले गए थे आज वह उज्जैन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं परंतु रामानुजगंज से जाने के 21 वर्ष के बाद भी रामानुजगंज के प्रति उनका प्रेम एवं लगाव बरकरार है। अपनी शादी के सालगिरह में उन्होंने रामानुजगंज 100 बिस्तर अस्पताल में राधा कृष्ण की रसोई के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों उनके ओर से स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। रामानुजगंज में डॉक्टर भोजराज शर्मा एवं सुनीता शर्मा के द्वारा 14 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी थी। उसे समय वह दौर था जब सुदूर क्षेत्र में एमबीबीएस डॉक्टर अपनी सेवाएं देना नहीं चाहते थे परंतु यहां पर अपनी सेवाएं दी एवं बेहतर से बेहतर चिकित्सा सेवा देने के लिए दोनों पति-पत्नी को जाना गया। राधा कृष्ण की रसोई के संचालक प्रमोद मिश्रा ने बताया कि डॉक्टर शर्मा के द्वारा मुझे खुद संपर्क स्थापित कर अपने शादी के सालगिरह में मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वल्पाहार की गुजारिश की थी।

## राष्ट्रीय खाद्य पोषण सुरक्षा योजना के तहत बीज वितरण का सफल कार्यक्रम

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर क्षेत्र के ग्राम चिल्का,पिपरिया, रोबो, धरमपुर, के किसानों को राष्ट्रीय खाद्य पोषण सुरक्षा अनाज कोदो, रागी एवं दलहन क्षेत्र विस्तार हेतु अरहर बीज निशुल्क का वितरण किया गया। कोरिया जिले में कृषि विभाग शासन की योजनाओं के तहत खाद बीज वितरण में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है बावजूद इसके आगर जिले के किसान जनहितकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाए तो निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि किसान हाइब्रिड जैसे महंगे बीज चक्कर में फंसकर के अपना नुकसान कर रही हैं। उपरोक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य, सरपंच जयकरण पंच सहित ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से रोशन हुए घर-हितग्राहियों ने जताया सरकार के प्रति आभार



**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी असर दिखाने लगी है। कोरिया जिले के ग्राम तलवापारा में इस योजना का लाभ उठाकर कई परिवार अब सौर ऊर्जा के माध्यम से सस्ती और स्थायी बिजली प्राप्त कर रहे हैं। ग्राम तलवापारा निवासी ओमप्रकाश राजवाड़े की पत्नी श्रीमती मंजूषा राजवाड़े ने बताया कि उन्होंने अपने घर में 3 किलोवाट की सौर ऊर्जा प्रणाली लगाई है, जिससे अब उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है। पहले हर महीने 1600 से 1700 रुपये तक का बिल आता था, जो अब घटकर 400 से 500 रुपए हो गया है। श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी समाचार पत्रों से मिली। इसके बाद उन्होंने स्थानीय बिजली कार्यालय जाकर पूरी जानकारी प्राप्त की और आवेदन किया। इस योजना के अंतर्गत उन्हें बैंक से ऋण प्राप्त हुआ और सरकार द्वारा 78,000 रुपये की सब्सिडी भी दी गई। इससे उन्हें सौर यूनिट लगवाने में बहुत मदद मिली। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना ने आम जनता को आर्थिक रूप से राहत दी है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सौर ऊर्जा का अधिकतम लाभ देना है, जिससे न केवल बिजली की बचत हो, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिले।जिले में इस योजना के सफल क्रियान्वयन से अब अन्य ग्रामीण भी प्रेरित हो रहे हैं और आवेदन की प्रक्रिया में जुटे हैं।


## रोजगार मेला का आयोजन 2 जुलाई को

**जशपुरनगर।** रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर के द्वारा 02 जुलाई 2025 को 825 पदों हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में वेदांता स्किल स्कूल बालको कोरबा से 420 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत सुविंग मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, फीटर, वेल्डर, होटल मैनेजमेंट,सोलर पीवी इंस्टालर , मोबाइल रेपरिंग एंड हार्डवेयर के 60-60 पद शामिल हैं। इसी प्रकार राम लाइफ इन्सोरेन्स से 23 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इनमें डायरेक्ट के डायरेक्ट एग्जीक्यूटिव सेल्स ऑफिसर, त्रिनीस सेल्स मेनेजर, ब्रांच ओप्रेसन एग्जीक्यूटिव, सेल्स मनेजर, असिस्टेंट ब्रांच मेनेजर के पद शामिल है। एल आई सी कुनकुरी जशपुर से 40 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है।

## ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन, सामाजिक न्याय और समानुपातिक हिस्सेदारी की मांग

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) महासभा ने अपने समुदाय के हितों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन कलेक्टर कोरिया के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल, और मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया गया है। ओबीसी महासभा ने विगत कई वर्षों से हर माह ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को उठाया है, किंतु राष्ट्रीय जनगणना, 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक पर राज्यपाल के हस्ताक्षर जैसे ज्वलंत मुद्दे अभी तक अनसुलझे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के मार्गदर्शन और प्रदेश सचिव कृष्णा प्रजापति के उपस्थिति में सौंपे गए इस ज्ञापन में ओबीसी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक, और शैक्षणिक उत्थान के लिए 23 बिंदुओं पर जोर दिया गया है। इस अवसर पर ओबीसी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम नारायण साहू, रवि शंकर राजवाड़े, कुलदीप प्रजापति ,कृष्ण राजवाड़े, हीरालाल साहू, शिवप्रसाद राजवाड़े, जवाहिर राजवाड़े, डी एल भास्कर, आनंद राजवाड़े, रामदास साहू, राजू गोयनकर, स्वतंत्र महोबिया सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



ज्ञापन में उठाए गए प्रमुख बिंदु-राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की गणना- ओबीसी महासभा ने मांग की है कि लंबित राष्ट्रीय जनगणना शीघ्र आयोजित की जाए, जिसमें ओबीसी समुदाय की जनसंख्या का स्पष्ट आंकड़ा शामिल हो। छत्तीसगढ़ में ओबीसी समुदाय की जनसंख्या 52 प्रतिशत होने का अनुमान है, और आधिकारिक आंकड़ों के अभाव में उनकी समानुपातिक हिस्सेदारी प्रभावित हो रही है। समानुपातिक आरक्षण- ओबीसी समुदाय को उनकी जनसंख्या के अनुपात में कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका, मीडिया, और सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों में आरक्षण प्रदान करने की मांग की गई है। यह सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना के लिए आवश्यक कदम है। क्रीमीलेयर और 50 प्रतिशत कैपिंग की समाप्ति- क्रीमीलेयर की अवधारणा को परिवार और समाज के लिए विघटनकारी बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की गई है। साथ ही, आरक्षण पर 50प्रतिशत की सीमा को असंवैधानिक करार देते हुए इसे हटाने का अनुरोध किया गया है। 27प्रतिशत ओबीसी आरक्षण और बैकलॉग नियुक्तियाँ छत्तीसगढ़ में 27प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को तत्काल लागू करने और पिछले 32 वर्षों के बैकलॉग नियुक्तियों को भरने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संशोधन विधेयक पर महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षर के लिए शासन से त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। मंडल कमीशन की अनुशंसाएँ- मंडल कमीशन की सभी सिफारिशों को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की गई है, जो ओबीसी समुदाय के लिए ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है। संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल करना-27प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को देश के सभी राज्यों में समान रूप से लागू करने और भारत सरकार द्वारा अध्यादेश पारित कर इसे संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की गई है। छात्रावासों का प्रावधान-छत्तीसगढ़ के सभी तहसील मुख्यालयों में ओबीसी के लिए सर्वसुविधायुक्त पोस्ट-मैट्रिक और प्री-मैट्रिक छात्रावास स्थापित करने की मांग की गई है।

स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करना-कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग की गई है, ताकि किसानों को उचित समर्थन मिल सके। बैकलॉग नियुक्तियाँ-केंद्र और राज्य की शासकीय संस्थाओं में रिक्त पदों पर बैकलॉग नियुक्तियाँ प्रदान करने की मांग की गई है, जिससे ओबीसी समुदाय के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। शिक्षा युक्तियुक्तीकरण का निरस्तीकरण- हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा किए गए स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तीकरण को शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की गई है। छात्रवृत्ति में समानता- ओबीसी समुदाय के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति में विसंगतियों को दूर कर अनुसूचित जाति और जनजाति की भांति समान शर्तों और दरों पर छात्रवृत्ति प्रदान करने की मांग की गई है। कृषि संकाय की अनिवार्यता- छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में कृषि संकाय को अनिवार्य रूप से संचालित करने की मांग की गई है। ओबीसी प्रमाण पत्र प्रक्रिया का सरलीकरण- सामाजिक प्रास्थितिक (ओबीसी) प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल करने की मांग की गई है। बजट में समानुपातिक प्रावधान- ओबीसी के समग्र विकास के लिए राज्य के बजट में आरक्षण के अनुपात में प्रावधान करने की मांग की गई है। पृथक ओबीसी विभाग की स्थापना- कर्नाटक, केरल, और अन्य राज्यों की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में ओबीसी के लिए पृथक विभाग स्थापित करने की मांग की गई है, क्योंकि वर्तमान में आदिम जाति और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ओबीसी की अनदेखी हो रही है। एट्रोसिटी एक्ट का विस्तार- अनुसूचित जाति और जनजाति की तरह ओबीसी के लिए भी एट्रोसिटी एक्ट लागू करने की मांग की गई है। किसानों के लिए खाद-बीज की उपलब्धता- किसानों को समय पर खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वर्ष 2025 की धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू करने की मांग की गई है। साक्षात्कार प्रक्रिया समाप्त करना- आंध्र प्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदों पर6 साक्षात्कार प्रक्रिया को बंद करने की मांग की गई है। वनभूमि पट्टा- 2005 से शासकीय भूमि पर कब्जाधारी और निवासरत ओबीसी समुदाय के लोगों को वनभूमि पट्टा प्रदान करने की मांग की गई है। अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण- संविदा, प्लेसमेंट, मानदेय, दैनिक वेतन भोगी, और ठेका कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की गई है। बर्खास्त बी.एड शिक्षकों का समायोजन- बर्खास्त बी.एड सहायक शिक्षकों को सरकार के आश्वासन के अनुसार तत्काल विभाग में समायोजित करने की मांग की गई है। अंशकालीन स्वीपर का पूर्णकालिक करना- स्कूलों में कार्यरत अंशकालीन स्वीपरों को पूर्णकालिक करने की मांग की गई है। मध्यान भोजन रसोइयों के मानदेय में वृद्धि-केंद्र सरकार की मोदी की गारंटी के तहत मध्यान भोजन रसोइयों के मानदेय में 50त्न वृद्धि की मांग की गई है। सामाजिक न्याय की दिशा में कदम-ओबीसी महासभा ने अपने ज्ञापन में कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले ओबीसी समुदाय को सामाजिक न्याय प्रदान करना समतामूलक समाज की स्थापना के लिए आवश्यक है।

यह ज्ञापन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में ओबीसी समुदाय के लिए नीतिगत बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित करता है। नेतृत्व और एकजुटता- ज्ञापन सौंपने के इस कार्यक्रम में ओबीसी महासभा के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। राधेश्याम साहू ने कहा, हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक ओबीसी समुदाय को उनका हक नहीं मिल जाता। परशुराम सोनी ने जोर देकर कहा कि शासन को इन मांगों पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि ओबीसी समुदाय का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। भविष्य की दिशा-ओबीसी महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। यह ज्ञापन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में ओबीसी समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सामाजिक और आर्थिक न्याय की दिशा में उनकी लड़ाई को और मजबूत करता है।

# सुरक्षा घेरा को ठेंगा दिखा बाल संप्रेक्षण गृह से भागे दो किशोर

### हत्या व चोरी के मामले में थे नामजद

**कोरबा।** अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ ऐसे तत्वों पर नजर रखने के लिए पुख्ता काम करने के दावे किये जा रहे हैं। इसे लेकर हो हल्ला ज्यादा है। इन सबके बीच विशेष सुरक्षा वाली नई बिल्डिंग से दो किशोर पिछली रात भाग गए। बाल संप्रेक्षण गृह के द्वारा इसकी जानकारी दिए जाने पर बालको नगर पुलिस थाना मामला दर्ज किया गया है। संबंधितों की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

फरार हुए किशोरों में एक 14 वर्ष और एक 15 वर्ष का है। खबर के अनुसार चोरी और हत्या के मामले में इन दोनों को पिछले दिनों नामजद किया गया था। संलिप्तता का पता चलने पर इन्हें अगली कार्यवाही के अंतर्गत



बाल संप्रेक्षण गृह की बालको नगर स्थित नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया था। यहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध है और सुरक्षा घेरा काफी मजबूत है। खबर के अनुसार बालको नगर पुलिस थाना के सामने संचालित किये जा रहे संप्रेक्षण गृह की व्यवस्था के लिए कर्मचारी व सुरक्षाबल तैनात किया गया है। ताकि वाछिंत यहां से भाग ना सके। हैरानी की बात यह है कि बीती रात्रि सुरक्षा पर सवाल खड़े करते हुए दो किशोर यहां से कूद कर फरार हो गए। कुछ घंटे बाद इसका पता चला हो सनसनी फैल गई। सक्षम अधिकारियों को जानकारी देने के साथ पुलिस को अवगत कराया गया। इसी के साथ यहां वहां खोजबीन का काम प्रारंभ कराया गया। कई घंटे होने पर भी फरार हुए दोनों किशोरों के बारे में किसी तरह की खबरें नहीं मिल सकी हैं। बताया गया कि पुलिस ने गुप्तचरों का सहारा इस काम में लिया है। दावा किया जा रहा है कि फरार हुए दोनों किशोरों को दबोच लिया जाएगा।

इससे पहले बाल संप्रेक्षण गृह का संचालन कोरबा नगर के रिस्दी इलाके में किया जा रहा था। यहां पर सुरक्षा को लेकर समस्या थी और बार-बार इस तरह घटनाएं पेश आ रही थी। ऐसे में फरार होने वाले को खोजना अपने आप में चुनौती बनी हुई थी। आखिरकार विभाग ने उच्चाधिकारियों को दूसरे विकल्पों की जानकारी दी और उसके बाद व्यवस्थित भवन में संप्रेक्षण गृह की सिफ्टिंग करायी गई।

## ब्राह्मणों से कर्मकांड नहीं कराएगा यादव समाज

**कोरबा।** यूपी के इटावा कांड से नाराज यादव समाज ने निर्णय लिया है कि कोरबा जिला सहित छत्तीसगढ़ में वह ब्राह्मण समाज से कर्मकांड नहीं कराएगा। खबर के अनुसार पहचान छिपाकर कथावाचन करने पर लोगों ने आपत्ति की थी और बाद में कांड कर दिया।

सर्व यादव समाज के आह्वान पर कोरबा में भी समाज के लोगों ने आईटीआई चौक पर एकत्रित होकर रैली निकाली। जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सोपा गया। सर्व यादव समाज कोरबा के जिला अध्यक्ष नाथूलाल यादव और अन्य पदाधिकारियो ने उत्तर प्रदेश के इटावा में कथावाचकों के साथ किए गए अत्यंत अपमानजनक घटना की निंदा की ष्यद्वश्च यादव समाज के पदाधिकारियो ने बताया कि समाज में निर्णय लिया है कि हम अपने यहां किसी भी ब्राह्मण को बुलाकर कर्म कांड अथवा कथा नहीं करवाएंगे। यादव समाज के लोगों ने कहा है कि उनका विरोध सनातन धर्म से नहीं है क्योंकि हम सब सनातन धर्मी हैं किंतु जिस तरह का व्यवहार इटावा में किया गया और आरोपियों के पक्ष में वातावरण बनाने के लिए जो षड्यंत्र किया जा रहा है उससे यादव समाज और दुखी है।

ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई के साथ ही सामाजिक बहिष्कार भी किया जाए। बहिष्कार की व्यवस्था कब तक होगी, इसे स्पष्ट नहीं किया गया है। सर्व यादव समाज कोरबा द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने के दौरान प्रदेश संरक्षक कमलेश यादव महामंत्री संतोष यादव महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती गीता यादव समेत बड़ी संख्या में समाज के जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।

## गेवरा के एजीएम मोहंती हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई



**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक (सीजीएम) एस.के. मोहंती के सेवानिवृत्त होने पर एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर गेवरा परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने एस.के.मोहंती के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समारोह की विशेष बात रही एसटीएलएल कंपनी के एरिया फील्ड मैनेजर और प्रसिद्ध कवि प्रभाकर शुक्ला द्वारा समर्पित की गई कविता। उन्होंने आपके अनुभवों से दुनिया सजे, आपकी मुस्कान से आए बहार, सेवानिवृत्त पर शुभकामनाएं शीर्षक से भावनात्मक कविता सुनाकर कार्यक्रम को आत्मीयता से भर दिया। एस.के.मोहंती ने इस रचना की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षण उनके लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। अपने कार्यकाल के दौरान एस.के.मोहंती ने गेवरा क्षेत्र की खनन परियोजनाओं को नई दिशा दी और कर्मचारियों के हितों के प्रति सदैव संवेदनशील दृष्टिकोण बनाए रखा। उनके नेतृत्व में गेवरा परियोजना ने उत्पादन, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की। विदाई समारोह में कई सहकर्मियों ने मोहंती के साथ बिताए गए अनुभव साझा किए और उनके अनुकरणीय नेतृत्व की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन सभी की ओर से उन्हें भावभीनी शुभकामनाओं के साथ किया गया।

### रूमगरा के मुक्तिधाम से निकाला जाएगा शव

**कोरबा।** 24 वर्षीय तबरेज की मौत के मामले में परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने के आवेदन को प्रशासन ने पिछले दिनों मंजूर किया था। बची हुई औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद आज रूमगरा मुक्तिधाम से शव निकालने की प्रक्रिया आज कराई जा रही है। इसके लिए टीम भेजी गई है। बताया गया कि शव निकालने के बाद डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अप्रैल महीने में ओड़िसा में ठेकेदार अरूण पाल की साइड पर काम के दौरान तबरेज की तबीयत बिगड़ी थी और फिर उसके बाद उसकी मौत हो गई थ।

## अतिक्रमण से मुक्त कराया शासकीय जमीन को

**कोरबा।** पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत पोड़ी में निवासरत एक शिक्षक व महिला द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर स्थानीय किसानों के खेत आने जाने वाले मार्ग की गहरी खोदाई करा दिए जाने से किसान वर्ग अपनी खेतो तक नही पहुँच पा रहे थे, जिससे उनका किसानी कार्य ठप्प हो गया था। जिसकी शिकायत पर गत दिनों राजस्व व पुलिस की टीम ने मौके पर पहुँच अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जिससे प्रभावित किसानों ने राहत की सांस ली और प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

दरअसल पोड़ी निवासी शिक्षक शैलेन्द्र कश्यप व गांव की महिला महेतरीन बाई द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर स्थानीय किसानों के खेत आने जाने वाले मार्ग की बलपूर्वक 5 फीट गहरी खोदाई करा दी गई थी। जिससे प्रभावित किसानो का अपनी खेतों तक पहुँचना मुश्किल हो गया था और ऐन वक्त पर उनका किसानी कार्य ठप्प पड़ गया था। इसे लेकर पीड़ित किसानों ने शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटा खेतो तक पहुँच हेतु मार्ग दिलाए जाने न्याय की गुहार कलेक्टर जनदर्शन सहित पाली एसडीएम व तहसीदार से लगाई थी। जिस पूरे मामले को प्रभावित किसानों के मयकथन खबर के माध्यम से गत दिनों प्रसारित किया गया था। इस गंभीर मसले के निराकरण को लेकर पाली तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बीते सोमवार को मौके पे पहुँच कार्रवाई करते हुए किसानों के खेत आने जाने वाले मार्ग को अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए रास्ता मुहैया कराया गया एवं कब्जाधारियों को शासकीय भूमि में दोबारा कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी गई। इस कार्रवाई को लेकर प्रभावित पीड़ित किसान शिवदुलारी साहू, भागीरथी, गणेशराम, शिवरतन सहित अन्य ने राहत की सांस ली और उन्होंने प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## तालाब के पास फेंकी एक्सपायरी दवा से खेल रहे बच्चे, अनहोनी का डर



**कोरबा।** कटघोरा के राधा सागर तालाब के किनारे बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाई डंप कर दी गई है। आंगनबाड़ी के बच्चे अब इन दवा से खेल रहे हैं। इस स्थिति में अगर धोखे से बच्चों ने दवाई का उपयोग कर लिया तो लेने के देने पड़ सकते हैं। संभावित खतरे की स्थिति को दूर करने के लिए ना तो स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता दिखाई है और ना ही नगर पालिका ने।

आसपास के लोगों ने पूछताछ करने पर बताया कि हाल में ही आंगनबाड़ी के कुछ कार्यकर्ता इस तरह पहुंचे थे और उनके द्वारा बड़ी मात्रा में इस प्रकार की दवाइयां को यह डंप किया गया है। इसमें आयरन के अलावा अन्य क्रांतिकारी की दवाएं शामिल हैं जिनका वितरण विशेष मामलों में महिलाओं और बच्चों को किया जाता है। प्रयास लगाया जा रहा है कि लापरवाही का प्रदर्शन करने पर सही समय पर इन दवाइयां का उपयोग नहीं हो पाया होगा और फिर समय के साथ यह दवाई एक्सपायरी हो गई। इसलिए अब अपनी बाला डालने के लिए आंगनबाड़ी के दो कर्मियों ने ऐसी दावों को इकट्ठा किया और लाकर कटघोरा नगर के राधा सागर तालाब के किनारे डंप कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि अब आसपास के बच्चे इन्हीं मेडिसिन के साथ खेल कर रहे हैं। उन्होंने मिट्टी का ढेर बनाने के साथ उसे इन्ही दवाओं से डेकोरेट किया है। आशंका जताई जा रही है कि अगर खेलकूद के दौरान बच्चों के द्वारा दवाई का इस्तेमाल कर लिया जाता है तो फिर समस्याएं खड़ी हो सकती है। खबर के अनुसार इस बारे में स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका को अवगत करने पर भी उनकी ओर से इस इलाके में डंप की गई दावों को नष्ट करने की कार्रवाई नहीं की गई है।

## गुरुनानक स्कूल में किया चिकित्सकों का सम्मान



**कोरबा।** डॉक्टर्स डे के परिपेक्ष में कोरबा के इतवारी बाजार स्थित गुरु नानक पब्लिक स्कूल प्रबंधन व इनरविल क्लब के द्वारा स्थानीय चिकित्सकों का सम्मान किया गया। आयोजन में डॉक्टर स्वप्न विश्वास, निकिता अग्रवाल व डॉ साहू को उनकी चिकित्सा सेवाओं के लिए शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह दिए गए।

इनरव्हील क्लब और गुरु नानक पब्लिक स्कूल के पदाधिकारी की उपस्थिति इस कार्यक्रम में रही। संचालक सिमरन कौर ने कार्यक्रम में अपनी बात रखी और कहा की लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने का काम डॉक्टर करते हैं। सामाजिक सरोकारों को लेकर भी उनका समर्पण लगातार नजर आ रहा है। मानवता के प्रति उनकी सेवा का मूल्यांकन किया ही जाना चाहिए इसलिए हमने डॉक्टर्स डे पर यह कार्यक्रम करते हुए चिकित्सकों को सम्मानित किया। कहा गया कि अपने अच्छे कार्यों के लिए ही ऐसे व्यक्तित्व को समाज में सम्मान प्राप्त होता है।

## पोड़ी-बांगो डेम मार्ग की बदहाल स्थिति से परेशानी, मिट्टी के पैबंद का सहारा

**कोरबा।** बांगो डेम एरिगेशन विभाग द्वारा पोड़ी से बांगो मार्ग पर मुरुम के स्थान पर मिट्टी डाले जाने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ और गड्ढों से भरे इस रास्ते पर चलना किसी जंग से कम नहीं है। बांगो पंचायत के सरपंच ने विभाग से इस समस्या को दूर करने की मांग की थी, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी केवल मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। वर्षों से यह मार्ग जर्जर हालत में है, लेकिन अब तक इसका निर्माण नहीं किया गया। 4 किलोमीटर लंबा यह मार्ग बरसात के दिनों में इतना बदहाल हो जाता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बाइक सवार कीचड़ में गिरकर घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग केवल दिखावे के लिए मिट्टी डालकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है।



बारिश के पानी से मिट्टी बह जाती है और रास्ता पहले से भी अधिक खराब हो जाता है। हालांकि कलेक्टर द्वारा इस मार्ग के निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है, लेकिन काम अब बरसात के बाद ही शुरू होगा। तब तक ग्रामीणों को इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि जब तक पक्के निर्माण का काम शुरू नहीं होता, तब तक कम से कम रास्ते को चलने लायक बनाया जाए ताकि रोजमर्रा की आवाजाही में उन्हें राहत मिल सके।

### जल्के के जंगल में किया गया सीड बॉल का छिड़काव

**कोरबा।** वन विभाग द्वारा वनमंडल कटघोरा के जंगलों में ड्रोन के जरिए सीड बॉल का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। आज पसान रेंज के जल्के सर्किल के जंगल में ड्रोन को ले जाया गया और वहां उसके जरिए सीड बॉल का छिड़काव किया गया।

## जनप्रतिनिधियों से अभद्रता, निकाला स्कूल से

### कलेक्टर से शिकायत, रीना सिंह को हटाएं यहां से

**कोरबा।** सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में शाला प्रबंधन समिति का गठन करने के साथ प्रतिनिधियों को वहां की व्यवस्था और अन्य कार्यों का जिम्मा दिया गया है लेकिन कटघोरा विकासखंड के झाबर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति को लेकर सहायक शिक्षिका रीना सिंह भड़क गई। उसने कहा कि स्कूल के किसी बैठक या कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि शामिल नहीं हो सकते। उसकी ओर से अभद्रता की गई। सरपंच और ग्रामीणों ने शिक्षिका को यहां से हटाने कलेक्टर से मांग की है।

झाबर सरपंच रामसिंह कंवर ने बताया कि शिक्षिका लगभग 20 वर्ष से झाबर में पदस्थ है। वह ड्यूटी करने के मामले में मनमानी बरत रही है। उसकी कार्यप्रणाली शिकायतों से भरी है। एसएमसी के वाट्सएप ग्रुप में प्रतिदिन सुबह और शाम की प्रार्थना का फोटो डालने के लिए निर्देशित किया गया था। सहायक शिक्षिका ने इस पर नाराजगी दिखाकर जनप्रतिनिधियों को भरा-बुरा कहा। बताया गया कि 24 जून को विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया तब सहायक शिक्षिका ने अभद्रता की और सबके सामने कहा कि आपको विद्यालय की किसी भी बैठक या कार्यक्रम में शामिल होने का अधिकार नहीं है तो वे क्यों आए। इन लोगों को अपमानित करते हुए निकाल दिया गया। पहले भी इस तरह का व्यवहार रीना सिंह की ओर से किया जा चुका है। सरपंच रामसिंह कंवर ने कलेक्टर से मामले पर कार्रवाई की मांग की है।

## डीपीओ रेणु प्रकाश का तबादला

**कोरबा।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने सोमवार को 7 जिला कार्यक्रम अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिसमें कोरबा, सूरजपुर ,महासमुंद ,बलौदाबाजार ,कोंडागाँव एवं बस्तर जिला प्रभावित हुआ है।सबसे बड़ी हैरानी कोरबा ,सूरजपुर एवं बलौदाबाजार जिले में डीपीओ का तबादला तो कर दिया गया लेकिन डीपीओ की पदस्थापना नहीं की गई है।

कोरबा जिले में पदस्थ जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश का तबादला ,कोंडागाँव जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर कर दिया गया है। जबकि इनकी कोरबा जिले में पदस्थापना को सवा साल ही हुए थे कि पुनः उनका तबादला कर दिया गया। इससे पूर्व व जशपुर जिले में भी साल भर से कम समय में उनका ट्रांसफर कोरबा कर दिया गया था। जशपुर से पहले जगदलपुर विभागीय ट्रेनिंग सेंटर में भी वो साल भी नहीं रहीं। इस तरह 2022 से 2025 तक चार साल में उनका यह चौथी ट्रांसफर है। डीपीओ रेणु प्रकाश के कार्यकाल में विभाग के योजनाओं ,कार्यों में अपेक्षित गति गुणवत्ता आई थी। बावजूद लगातार स्थानांतरण समझ से परे रहा। यही नहीं प्रशासनिक आधार पर रेणु प्रकाश का तबादला तो कर दिया गया लेकिन विभाग आकांक्षी जिला होने के बाबजूद कोरबा जिले में डीपीओ की पदस्थापना करना भूल गया।

## भोजन के तुरंत बाद पानी पीना जहर के समान : डॉ. नागेंद्र

**कोरबा।** स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर आयुर्वेद के कई नियम हैं और लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे जीवनचर्या में इसका पालन करें। इसके कई फायदे भी चिकित्सक बताते हैं। भोजन ग्रहण करने के तुरंत बाद पानी पीने को जहर के समान बताया गया है। क्योंकि चयापचय की पूरी प्रक्रिया इस कारण से बाधित होती है।

डॉक्टर्स डे पर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भोजन के दौरान जठरागिनी से भोजन अंदर मिक्स होता है और फिर यह अलग स्वरूप प्राप्त करता है। एक पेस्ट बनने पर शरीर में रस बनने की प्रक्रिया शुरू होती है तब शरीर को पानी की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि इस पद्धति से पानी का उपयोग करने से भोजन सही तरीके से पचता है और अन्य स्थिति में वह सड़न पैदा करता है। इस वजह से यूरिक एसिड और कोलेस्ट्राल बढ़ने की समस्याएं पैदा होती है और फिर कई प्रकार के विकार पैदा



होते हैं। इन्हीं विकारों को जहर की संज्ञा दी गई है। एलडीएल और बीएलडीएल की स्थिति होने पर आपको समझना होगा कि ये विष हैं और शरीर में विभिन्न स्थिति में ऐसे 103 विष की उत्पत्ति होती है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि यूरिक एसिड बढ़ने के पीछे भोजन का सही तरीके से नहीं पचना सबसे बड़ा कारण है और फिर इस वजह से पीड़ित को दवा का उपयोग करना पड़ता है। आयुर्वेद के क्षेत्र में लंबे समय से काम कर रहे डॉ. शर्मा ने आयुर्वेद के सिद्धांतों के आधार पर लोगों को यह बताने की कोशिश की है कि प्रयास यह हो भोजन से 45 मिनट पहले पानी का उपयोग किया जाए और भोजन के बाद पर्याप्त अंतर लेकर अपनी आवश्यकता पूरी करें। ऐसा करने से अनावश्यक दिक्कतों से आप बच सकते हैं।

### चिंता न करें सात जुलाई तक ले सकेंगे राशन

**कोरबा।** जून, जुलाई और अगस्त महीने का राशन एक साथ बांटने का काम जारी है। लोगों के मन में आशंकाएं बनी थी कि वितरण में देरी होने से क्या उनका कोटा लैप्स होने वाला है। सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों से मिल रही शिकायतों के बाद वितरण की अवधि 7 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है। इसी के साथ लोगों की चिंता और आशंका को दूर किया गया है। बताया गया कि कोरबा शहर सहित सभी क्षेत्रों में राशन पाने से वंचित लोग बढ़ी हुई समयसीमा तक सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। याद रहे सर्वर कमजोर होने के चलते राशन वितरण में काफी दिक्कतें आ रही थी।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com